


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 152 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 17 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### महिलाओं को सरकार का बड़ा तोहफा, बस से सफर में 50 प्रतिशत की छूट, आज से ही लागू हुई सुविधा

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को सूबे की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। अब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम यानी स्स्त्रह्लष्ट की बसों में यात्रा करने वाली महिलाओं को टिकट में 50 फीसदी की छूट मिलेगी। आज से ही सरकार ने ये सुविधा लागू कर दी है। इस सुविधा के तहत महाराष्ट्र की महिलाएं बस से राज्य में जहां भी यात्री करेंगी। वहां उनको उस तय यात्रा के किराए में 50 प्रतिशत की राहत मिलेगी

परिवहन निगम के अनुसार, महिलाओं को यह लाभ देने के लिए राज्य की सरकार एमएसआरटीसी को रियायत राशि की प्रतिपूर्ति करेगी। बता दें कि इसी साल नौ मार्च को राज्य के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 2023-24 के लिए राज्य का बजट पेश किया था। जिसमें उन्होंने सार्वजनिक परिवहन निकाय की बसों में सभी महिला यात्रियों को 50 प्रतिशत रियायत देने की घोषणा की थी। इसी के आधार पर सभी महिलाएं 17 मार्च से बसों में 50 प्रतिशत की रियायत पर यात्रा कर सकेंगी।

### सड़क पर बिखरी लाशें, ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत

**बिलासपुर।** प्रदेश की न्यायधानी बिलासपुर जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। खूनी रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहन हर दिन पैदल चलने वालों या बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले रही हैं। इन हादसों में आये दिन लोग काल के गाल में समा रहे हैं।

ताजा मामला जिले के दूरस्थ बेलगहना थाना क्षेत्र का हैं। बताया जा रहा हैं यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था की दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रवाना कर दी हैं।

## सीएम बघेल का ऐलान : चेट्रीचंड्र पर नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में रहेगा अवकाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर स्थित शदाणी दरबार तीर्थ में आयोजित संत राजाराम साहिब जी के 63वें वर्सी महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर चेट्रीचड्रं महोत्सव पर राज्य के नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्रों में अवकाश की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शदाणी दरबार में संत राजाराम साहिब के 63वें वर्सी महोत्सव में शामिल होने पाकिस्तान के सिंध प्रांत से आए लगभग 350 श्रद्धालुओं का छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस मौके पर शदाणी दरबार द्वारा 122 माताओं और बहनों को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से भारत के विभिन्न धार्मिक स्थलों का दर्शन कराने की व्यवस्था किए जाने पर प्रशंसा की। शदाणी दरबार में संत राजाराम साहिब जी के 63वें वर्सी महोत्सव का आयोजन 14 से 17 मार्च 2023 के बीच किया जा रहा है। शदाणी दरबार द्वारा पवित्र सरोपा भेंट कर मुख्यमंत्री का सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर शदाणी दरबार पर आधारित फिल्म 'धुनेश्वर महादेव' की सीडी का विमोचन भी किया।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधी समाज मूलत: व्यावसायिक समाज है, छत्तीसगढ़ में हमने किसानों के कर्ज माफी तथा सर्वाधिक दाम में धान की खरीदी सहित कई ऐसे कार्य किए हैं, जिससे कि लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। इन कार्यों का सीधा लाभ छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को मिला मिला है। ग्राहकों की जेब में पैसा जाने से छत्तीसगढ़ के बाजार गुलजार हैं। पूरे देश में मंदी होने पर भी छत्तीसगढ़ में मंदी का असर नहीं रहा, यहां के बाजारों में रौनक बनी रही।

कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत स्वामी रामसुंदर दास और शदाणी दरबार के पीठाधीश संतश्री डॉ. युधिष्ठिरलाल जी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर शदाणी दरबार के पीठाधीश संतश्री डॉ. युधिष्ठिरलाल जी, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक व छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत स्वामी रामसुंदर दास, रायपुर केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा, सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बिहार व झारखंड के सटोरिए भिलाई में चला रहे महादेव बुक

### तीन गिरफ्तार, जुआ एक्ट के साथ धोखाधड़ी का भी केस दर्ज

**महादेव बुक के सटोरिए पुलिस की गिरफ्त में**



इस मामले का शुक्रवार को एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने खुलाशा करते हुए बताया कि वैशाली नगर पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर बाबा दीपसिंह नगर में किराए के मकान में रेड की। यहां पर रामनगर मुक्तिधाम निवासी श्रीकांत देशमुख के साथ जिला पुर्वी सिंह भूम झारखंड निवासी विवेक सिंह व बडारा जिला बिहार निवासी नीरज कुमार अवैध रूप ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे थे। तीनों सटोरियों को गिरफ्तार करने के बाद पता चला कि दो माह से यह लोग यहां पर अवैध कारोबार कर रहे हैं। ऑनलाइन सट्टा चलाने के लिए फर्जी खाते का इस्तेमाल कर रहे थे। इस संबंध में खाताधारक जुगनू स्पोट्र्स सेंटर के संचालक ने शिकायत दर्ज कराई है।

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस द्वारा महादेव बुक के सटोरियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को वैशाली नगर पुलिस ने जवाहर नगर से लगे बाबा दीपसिंह नगर में एक किराए के मकान में चल रहे महादेव बुक सट्टा से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 11 मोबाइल, एक लैपटॉप, कई बैंकों के एटीएम, पैनकार्ड व पासबुक आदि जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ वैशाली नगर पुलिस ने 4(क) जुआ एक्ट के साथ की 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया है। धोखाधड़ी का मामला दूसरे के खाते का अवैध रूप से इस्तेमाल करने को लेकर दर्ज किया गया है।

भावेश गंधर्व ने अपनी शिकायत में बताया कि 2 माह पहले श्रीकांत देशमुख उसकी दुकान में मिला और उसे साउथ इंडियन बैंक में अच्छी स्कीम का झांसा देकर खाता खुलवाया। इसके बाद बैंक में जुगनू स्पोटर्स के नाम पर खाता क्रमांक 0557073000000424 खुलवाया फिर कुछ दिनो बाद श्रीकांत देशमुख अपने 2 साथियो विवेक सिंह और निरज कुमार के भावेश की दुकान पहुंचा और लोन दिलाने के नाम पर एटीएम व पासबुक अपने साथ ले गया। इसके बाद पता भावेश गंधर्व को पता चला कि उसके खाते का संचालन ऑनलाइन सट्टा के लिए किया जा रहा था। भावेश की शिकायत पर वैशाली नगर पुलिस ने सटोरियों के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया।

### रात्रि गश्त कर रही थी पुलिस, हाथ लग गया महादेव बुक का सटोरिया



भिलाई। गुरुवार रात को रात्रि गश्त के दौरान महादेव बुक आईडी का सटोरिया भट्टी पुलिस के हाथ लग गया। सुपेला निवासी उक्त सटोरिए के माध्यम से पुलिस को सेक्टर-4 से संचालित हो रहे बड़ी ब्रांच का पत चला। पुलिस को पता चला है कि सेक्टर-4 के एक क्वार्टर में लकी नाम का युवक द्वारा महादेव बुक की ब्रांच चला रहा है। फिलहाल इस मामले में पुलिस आज बड़ा खुलासा करेगी।

मिली जानकारी के अनुसार भट्टी पुलिस की टीम को रात्रि गश्त के दौरान सेक्टर-2 में वाहनों की जांच के दौरान एक कार को रोका गया। कार में राजबीर सिंह निवासी आनंद चौक पांच रास्ता सुपेला भिलाई सवार था। उसका मोबाइल चेक करने पर महादेव ब्रुष्ठ के लिए एकाउंट नंबर और आईडी उपलब्ध कराने की जानकारी मिली। राजवीर ने बताया कि सेक्टर-4 निवासी लकी नाम का युवक आईडी उपलब्ध कराता है। इसके बाद पुलिस ने राजबीर सिंह के साथ लकी के निवास पर पहुंची तो वहां वह अपने भाई के साथ शराब पी रहा था।

लकी को गाड़ी में बैठाने पर उसके भाई व परिवार वाले आ गए। लकी भी जोर जोर से चिल्लाने लगा था। इसके बाद काफी हो हल्ला हुआ और परिवार वालों ने हंगामा कर लकी को वहां से भगा दिया। हालांकि पुलिस के पास सेक्टर -4 से महादेव बुक के पैनल संचालन का पता चल गया है। राजबीर सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे एसपी डॉ अभिषेक पल्लव इस मामले में आज बड़ा खुलासा करेंगे।

### सहकारी बैंक भर्ती में सरकार को झटका

## 'दखलअंदाजी' बताकर हाईकोर्ट ने खारिज किया फैसला


**मुंबई** (एजेंसी)। सहकारी बैंक में भर्ती पर शिंदे सरकार को कड़ी फटकार लगी है। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के एक सहकारी बैंक की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने के फैसले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास संबंधित मंत्री द्वारा की गई समीक्षा या संशोधन करने की कोई शक्ति नहीं है।

जस्टिस विनय जोशी और वाल्मीकि एसए मेनेजेस की खंडपीठ ने 3 मार्च के अपने आदेश में शिंदे के फैसले को पूरी तरह से अनुचित और कानून के अधिकार के बिना करार दिया। यह आदेश चंद्रपुर डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और संतोषसिंह रावत नाम के एक व्यवसायी द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया। बता दें, रावत को शिंदे के फैसले का विरोध करते हुए बैंक के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।

याचिका के मुताबिक, स्थानीय नेताओं के इशारे पर सीएम का आदेश पारित किया गया था और इसने इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया कि बैंक कर्मचारियों की भारी कमी का सामना कर रहा है, जिससे 93 शाखाओं को चलाना असंभव हो गया है। सीएम ने नवंबर 2022 में भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

## सीएम छात्रों को बांटेंगे 300 करोड़ की स्कालरशिप, इन जिलों को करोड़ों की सौगात

**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बुरहानपुर और खरगोन दौरा है। सीएम आज प्रदेश के हितग्राहियों को बड़ा तोहफा देने जा रहे है। बता दें लंबे समय से छात्रवृत्ति का इंतजार कर रहे छात्रों को सीएम 300 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति वितरित करेंगे। इसके साथ ही 69 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। सबसे पहले सीएम बुरहानपुर पहुंचकर शाहपुर में पूर्व सांसद नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके साथ ही पिछड़े वर्ग के छात्रों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 300 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति का वितरण करेंगे।



**बुरहानपुर और खरगोन को मिलगी सौगात**

बुरहानपुर में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 7 करोड़ 31 लाख के कार्य का लोकार्पण करेंगे जबकि 69 करोड़ 73 लाख रूपए की लागत के साथ कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री शिवराज खरगोन में 250 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्य का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इतना ही नहीं अपने कार्यस्थल पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

लंबे समय से छात्रवृत्ति की राशि की मांग कर रहे थे। वहीं अब पात्र छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा, इसके अलावा ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिलाओं को ट्रेक्टर और स्कूटी की चाबी सौंपी जाएगी। इतना ही नहीं हितग्राहियों को बड़ा लाभ देते हुए सामाजिक न्याय और निशक्त जन जन कल्याण विभाग की तरफ से दिव्यांग को कृत्रिम अंग वितरित किए जाएंगे। साथ ही सीएम निशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना में हितग्राहियों को लैपटॉप भी प्रदान करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में अब थर्ड जेंडर को भी मिलेगी पेंशन

### 3 हजार से ज्यादा की पहचान मिलेंगे 350 रुपए प्रति माह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार थर्ड जेंडर के लोगों को पेंशन दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से अभी तक बुजुर्गों, परित्यक्त, दिव्यांग (बौने भी), निराश्रितों और विधवाओं को ही इस तरह की पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार ने अब थर्ड जेंडर वालों को भी पेंशन देने का फैसला किया है। इसके लिए ऐसे लोगों को विभाग की वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। विभाग ने अभी तक 3,058 थर्ड जेंडरों की पहचान भी कर ली है। इनमें 1,229 को पहचान प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। इसके अलावा 1,829 को प्रमाण पत्र जारी करने का काम जारी है।

1 मार्च से अभी तक 600 से ज्यादा थर्ड जेंडरों ने पेंशन के लिए आवेदन भी जमा कर दिया है। विभाग की ओर से इन आवेदनों की जांच के बाद 350 रुपए महीना पेंशन दी जाएगी। यह रकम उनके बताए खातों में ऑनलाइन जमा की जाएगी। थर्ड जेंडर के लोगों को आवेदन करने में छूट भी दी गई है। उन्हें किसी भी विभाग या अफसर से ये प्रमाणित नहीं करवाना होगा कि वे थर्ड जेंडर की कैटेगरी से हैं। उन्हें केवल घोषणा पत्र देना होगा। यानी खुद ही प्रमाणित करना होगा कि वे थर्ड जेंडर से हैं। इसके लिए उन्हें फोटो लगाना अनिवार्य किया गया है।

## ट्रैफिक की क्लास तो लगानी ही पड़ेगी

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

हादसा या अपराध होने के बाद की कार्यवाही तो मात्र एक उपचार है, समझदारी तो इसमें है कि हादसे और अपराध रोकने की कोशिशें की जाएं. छत्तीसगढ़ पुलिस इन दिनों इसी में लगी हुई है। यह तो सभी जानते हैं कि 1990 के बाद से देश में सड़कों का शानदार जाल बिछने लगा है। इसके साथ ही नए दौर की गाड़ियों की रेलमपेल मची हुई है। सड़क हादसों की संख्या बढ़ रही है। तमाम सुरक्षा मानकों पर खरा उतरने के बाद भी सड़क हादसों में वाहन लोगों की जान नहीं बचा पा रहे हैं। वजह भी साफहै कि जिस रफ्तार से शानदार सड़कें बनीं, नई-नई गाड़ियां आई, उस रफ्तार से लोगों का ट्रैफिक सेन्स डेवलप नहीं हुआ। दरअसल, देश में लोगों को यातायात की शिक्षा देने की कोई व्यवस्था ही नहीं है। चंद सवालों के जवाब देकर लोग ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर लेते हैं। पैदल चलने वालों, साइकिल सवारों और अब बैटरी चलित टूव्हीलर्स के लिए तो यह भी जरूरी नहीं है। ये सभी सड़कों पर होते हैं और हादसों का न केवल शिकार होते हैं बल्कि हादसों का कारण भी बनते हैं। अब छत्तीसगढ़ पुलिस लोगों में ट्रैफिक सेंस पैदा करने की कोशिश कर रही है। इसका असर दुर्ग से लेकर बिलासपुर तक में देखा जा रहा है। दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव जहां लगातार सार्वजनिक मंचों से सड़क हादसों को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं वहीं बिलासपुर एसपी संतोष सिंह ने यातायात की पाठशाला शुरू की है। यातायात नियमों की उपेक्षा, अवहेलना करने वालों का फिलहाल चालान नहीं काटा जा रहा है। उन्हें यातायात की पाठशाला में बैठा कर यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि किसी नियम को क्यों बनाया गया है, उसे तोड़ने पर क्या नुकसान हो सकता है। इसका लोगों पर सकारात्मक और रचनात्मक असर देखा जा रहा है। ट्रैफिक की बारीकी सीखकर लोग न केवल स्वयं संभल रहे हैं बल्कि अपने बच्चों और परिजनों को भी इसकी जानकारी दे रहे हैं। दो दशक पूर्व जर्मनी से आए एक अध्ययन दल से भारतीय यातायात पर चर्चा हुई थी। यह दल नागपुर में उतरने के बाद सड़क मार्ग से उड़ीसा की यात्रा कर रहा था। जब उनसे पूछा गया कि सड़क यात्रा का उनका अनुभव कैसा रहा तो उन्होंने जो जवाब दिया वह काफी रोचक था। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर तक ट्रैफिक की ओर देखने के बाद उन्होंने घबराकर आंखें बंद कर लीं। उन्हें लगा कि कभी भी हादसा हो सकता है। लगभग 400 किलोमीटर की यात्रा के बाद भी जब उन लोगों ने स्वयं को सुरक्षित पाया तो उन्हें यकीन हो गया कि यह केवल ईश्वर की कृपा है। उन्हें गाड़ियों के आगे अंकित स्वस्तिक और डैशबोर्ड पर बैठे भगवान की ताकत का अंदाजा भी हो गया। पर पुलिस सड़कों को और भी सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रही है और इसमें सबको सहयोग करना चाहिए।



## संपादकीय

# संसद में गतिरोध

बजट सत्र के दूसरे चरण में एक दिन भी संसद में ढंग से काम नहीं हो सका है। विवादों का ऐसा सिलसिला छिड़ गया है, जो लगता नहीं कि आसानी से खत्म होगा। विवाद संसद में भी हावी हैं और सड़क पर भी। वैसे, भारतीय संसदीय इतिहास में ऐसे अवसर पहले भी आए हैं, जब परस्पर संघर्ष के तत्व ज्यादा और समन्वय की कोशिशें बहुत कम नजर आई हैं। सत्ता पक्ष राहुल गांधी से देश के अपमान के लिए माफी मांग रहा है, जबकि राहुल गांधी सदन में अपनी बात रखना चाहते हैं। क्या ऐसा मुमकिन है कि राहुल गांधी को सुनने के बाद सत्ता पक्ष आगे कुछ फैसला करे, लेकिन जब देश में सियासत तेज हो गई है, तब किसी की बात सुनने या न सुनने के पीछे भी राजनीति तय है। यह नया नहीं है, चुनाव जब करीब आने लगते हैं, तब सदन में पक्ष और विपक्ष का मिजाज भी अपने सियासी लाभ-हानि के मुताबिक बदलने लगता है। अगर राजनीतिक पार्टियों के लिए अभी से चुनाव ज्यादा महत्वपूर्ण हो गए हैं, तो सदन में सामान्य कामकाज का न हो पाना आश्चर्यजनक नहीं है। फिर भी लोग यही उम्मीद करेंगे कि राजनीति बाहर होती रहे और सदन में विधायी कार्य न टलें। जहां तक राहुल गांधी की बात है, वह सदन में अपनी बात रखना चाहते थे, लेकिन वह ब्रिटेन में जो बोल आए हैं, राजनीति अभी वहीं उलझी हुई है। राहुल के सदन में पहुंचने के एक मिनट के भीतर संसद को स्थगित कर दिया गया, जबकि वह चार केंद्रीय मंत्रियों द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब देने की उम्मीद से संसद आए थे। वैसे सदन स्थगित होने के दूसरे भी कारण हो सकते हैं, लेकिन यहां राहुल गांधी ने मौका हाथ से नहीं जाने दिया। उन्होंने कह दिया कि यदि भारतीय लोकतंत्र सही से कार्य कर रहा होता, तो मैं सदन में अपनी बात कह पाता। उन्होंने यह भी कहा कि आप जो देख रहे हैं, वह भारतीय लोकतंत्र की परीक्षा है। यह फिर बहस का विषय है कि उन्हें ऐसा बोलना चाहिए था या नहीं। हालांकि, यह भी सच है कि लोकतंत्र एक जटिल व्यवस्था है और इसे बार-बार परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। साथ ही, लोकतंत्र पर टिप्पणी करते समय व्यापकता में विचार करना चाहिए। भारतीय लोकतंत्र के किसी भी बड़े नेता की टिप्पणियों में शासन-प्रशासन का इतिहास और भूगोल व्यंजित होना चाहिए। लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद होगी कि इस बार भी निखरेगा। दूसरी ओर, भाजपा की रणनीति फिलहाल परंपरा के अनुरूप ही ज्यादा आक्रामक है। बहुत संघर्ष से उसे सत्ता में इतनी मजबूती हासिल हुई है, तो यह महत्वाकांक्षी पार्टी न केवल कतरा-कतरा ताकत को बचाना, बल्कि बढ़ाने के मकसद से भी जुटी है और यह स्वाभाविक है। ऐसे में, जाहिर है, भाजपा ने गुरुवार को राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई है। अगर किसी सांसद को संसद में बोलने की मंजूरी न मिले, तो यह लोकतंत्र की परीक्षा कैसे हो गई? सवाल यह भी उठाया गया कि किसी एक सांसद की टिप्पणी लोकतंत्र की सफलता या विफलता का पैमाना कैसे बन सकती है? लगे हाथ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर विदेशी धरती से भारतीय लोकतंत्र को नीचा दिखाने की आदत का आरोप लगा दिया। राजनीति की रफ्तार तेज है, लेकिन कहीं कभी ठहरकर सोचना भी चाहिए कि लोकसभा, राज्यसभा में थोड़ा सा समय विरोध-प्रतिरोध के लिए हो और ज्यादा से ज्यादा समय देश के तेज विकास में लग जाए।

> “ भारतीय लोकतंत्र के किसी भी बड़े नेता की टिप्पणियों में शासन-प्रशासन का इतिहास और भूगोल व्यंजित होना चाहिए। लोकतंत्र पहले भी बड़ी परीक्षाओं से गुजरकर निखरा है और लोगों को यही उम्मीद होगी कि इस बार भी निखरेगा। दूसरी ओर, भाजपा की रणनीति फिलहाल परंपरा के अनुरूप ही ज्यादा आक्रामक है।

## विकास दर प्रभावित

विस वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही, अक्टूबर-दिसम्बर में हमारी जीडीपी की विकास दर लुढ़क कर 4.4 फीसदी दर्ज की गई है । पहली तिमाही, अप्रैल-जून में विकास दर 13.2 फीसदी तक उछली थी और दूसरी तिमाही, जुलाई- सितम्बर, में भी 6.3 फीसदी रही थी। उन्हीं के आधार पर अनुमान लगाये गये थे कि मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान औसत विकास दर 7 फीसदी के करीब रह सकती है, लेकिन अब उस स्तर को छूना है, तो अन्तिम तिमाही, जनवरी-मार्च में यह दर कमोबेश 5.1 फीसदी होनी चाहिये । लाल संकेत ये हैं कि अर्थशास्त्रियों के आकलन हैं कि अन्तिम तिमाही में विकास दर 4 फीसदी के करीब हो सकती है । इसके मायने ये नहीं हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था उबरने के बाद फिर गोता खाने की स्थिति में पहुंच गई है । अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अब भी भारत की विकास दर अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, जापान आदि देशों से बहुत बेहतर स्थिति में है। हम चीन के लगभग बराबर ही हैं, लेकिन तीसरी तिमाही के दौरान निजी खपत की मांग, सरकारी व्यय, निर्यात और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है, नतीजतन विकास दर भी प्रभावित हुई है। लोगों की क्रय-शक्ति कम हुई है, तो मांग घटी है। मांग और खपत परस्पर पूरक हैं। मांग कम होगी, तो कारखाने उत्पादन भी कम करेंगे। नतीजतन रोजगार भी प्रभावित होगा। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बीते वर्ष इसी तिमाही में यह दर 11.2 फीसदी थी। मैन्यूफैक्चरिंग जीडीपी का बेहद महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में एक है। लोगों की निजी खपत 2.1 फीसदी कम हुई है, तो सरकारी उपभोग व्यय भी 1.0 फीसदी घटा है और नेट निर्यात भी 6.7 फीसदी कम किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की रपट है कि औसत महंगाई दर 7.2 फीसदी है, जो तय लक्ष्य से ज्यादा है। जुलाई-सितम्बर की तिमाही में महंगाई दर 6.3 फीसदी उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करने वाली महंगाई को इस तरह समझा जा सकता है कि रसोई गैस के दाम 50 रुपये प्रति सिलेन्डर बढ़ा दिये गये हैं। अब राजधानी दिल्ली में यह सिलेन्डर 1103 रुपये में मिलेगा, जबकि अन्य महानगरों में ज्यादा महंगा कर दिया गया है। कमर्शियल सिलेंडर भी 350 रुपये महंगा किया गया है। अनाज की कीमतें 15 फीसदी तक बढ़ी हैं, जबकि आटा 40 फीसदी महंगा हो गया है। दूध भी कई गुना महंगा हुआ है। इसका सम्पूर्ण विश्लेषण हम पहले ही कर चुके हैं। अब आसार ऐसे हैं कि कमोबेश इस साल खाने-पीने की महंगाई से कोई भी राहत मिलने वाली नहीं है। बेशक हम विश्व में सबसे तेज उभरने वाली अर्थव्यवस्था है, लेकिन जी-20 समूह के देशों में हम सबसे गरीब देश हैं, क्योंकि हम निम्न मध्य वर्ग की अर्थव्यवस्था हैं। भारत आने वाले वर्षों में जर्मनी और जापान सरीखे देशों को पीछे कर तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था भी बन सकता है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था और आर्थिक असमानताओं के कारण हमारी विकास दर भी प्रभावित होती रहेगी। मुद्रास्फीति जैसे मुद्दों पर केन्द्र और राज्य सरकारें आपस में मिल-बैठ कर विमर्श कर सकती हैं। कृषि पर भी कोई सर्वमान्य रास्ता निकाला जा सकता है, लेकिन हमारे देश में गैर-जिम्मेदाराना राजनीति बहुत है। कृषि को भारत में राजनीतिक गतिविधि मान रखा है। कृषि को आर्थिक गतिविधि नहीं माना गया है, जबकि उसकी विकास दर कोरोना-काल में भी सकारात्मक थी। बेशक सरकार दलीलें देती रहे कि हमारा जीएसटी संग्रह बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा कोष और निवेश भी बढ़ते रहे हैं, लेकिन आम नागरिक का चिन्तित सरोकार महंगाई से है। यह अर्थव्यवस्था के साथ-साथ विकास दर को भी प्रभावित करती है। अर्थशास्त्री मान रहे हैं कि जो आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग ने जारी किए हैं, उनके मद्देनजर कहा जा सकता है कि भारत अपने विकास की गति तेजी से खो रहा है।

**अजय दीक्षित**

> “ पंजाबियों के खिलाफ इन तरीकों के उपयोग से तीखी प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसे संभालना वहां के हुक्मरानों के लिए कठिन हो सकता है। इतना ही नहीं, पंजाब में इमरान खान के समर्थक आम-ओ-खास, सभी तरह के लोग हैं। मध्यवर्ग भी उनका साथ दे रहा है, तो पेशेवर व रसूखदार तबका भी। इस कारण भी पुलिस के हाथ बंधे हुए हैं।

# खुद से परास्त होता पाकिस्तान

सुशांत सरीन



कुछ वर्ष पहले, जब इमरान खान सत्ता में नहीं आए थे, तब उनका एक वीडियो क्लिप खूब वायरल हुआ था। उसमें वह कह रहे थे कि हमारे (पाकिस्तान के) फौजी जनरल इतने डरपोक हैं कि अगर कोई शख्स पाकिस्तान के शहरों में 25 से 30 हजार लोगों की भीड़ जुटा ले, तो इन जनरल साहिबान की सलवार गीली हो जाएगी। अपने इस बयान को इमरान खान ने सही साबित कर दिया है। पिछले तीन दिनों से पुलिस उनको गिरफ्तार करने के लिए मशक्कत कर रही है, लेकिन सफलता उसके हाथ नहीं लग रही। बुधवार को तो वह सैकड़ों की तादाद में इमरान के घर पहुंची थी। मगर जैसा पहले भी हो चुका है, उनके समर्थकों ने वहां मानव दीवार बना ली और पुलिस के प्रयासों को विफल कर दिया। इस क्रम में दोनों पक्षों के बीच तीखी झड़पें हुईं और पुलिसकर्मियों को डंडे, पत्थर व पेट्रोल बम झेलने पड़े। आखिरकार वहां रेंजर्स को बुलाना पड़ा।

रेंजर्स हैं तो अर्द्धसैनिक बल, पर उनके अफसर पाकिस्तानी फौज से आते हैं, इसलिए रेंजर्स के आने का अर्थ होता है, फौज का मोर्चा संभाल लेना। मगर रेंजर्स भी खाली हाथ रहे, और जो प्रतिरोध उनको झेलना पड़ा, वे आम तरीकों से उसे नियंत्रित न कर सके। हालांकि, गुरुवार को इस्लामाबाद की जिला व सत्र अदालत ने गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट निलंबित करने की इमरान खान की याचिका खारिज कर दी। फिर भी, इमरान खान ने एक लिहाज से अपना दबदबा साबित किया है। दिक्कत यह है कि पाकिस्तान के अंदर जिस तरह के हालात पैदा हो गए हैं, उनमें या तो पाकिस्तानी फौज व सरकार बचेगी, या इमरान खान बचेंगे, पर जो चीज कतई नहीं बचेगी, वह है लोकतंत्र।

सवाल है कि इमरान की गिरफ्तारी में मुश्किलें कहां आ रही हैं? दरअसल, वह पंजाब से ताल्लुक रखते हैं, जहां उनको भारी समर्थन हासिल है, और पाकिस्तान की फौज व पुलिस में पंजाबियों का दबदबा है। यही कारण है कि वे कानून-व्यवस्था लागू करने वाले उन तरीकों का इस्तेमाल नहीं कर रहे, जो बलूचों, सिंधियों या पश्तूनों के खिलाफ इस्तेमाल में लाए जाते हैं। पंजाबियों के खिलाफ इन तरीकों के उपयोग से तीखी प्रतिक्रिया हो सकती है, जिसे संभालना वहां के हुक्मरानों के लिए कठिन हो सकता है। इतना ही नहीं, पंजाब में इमरान खान के समर्थक आम-ओ-खास, सभी तरह के लोग हैं। मध्यवर्ग भी उनका साथ दे रहा है, तो पेशेवर व रसूखदार तबका भी। इस कारण भी पुलिस के हाथ बंधे हुए हैं। फिर, पिछले कुछ वर्षों में इमरान खान ने अदालतों के ऊपर इतना प्रभाव बना लिया है कि जब भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है, तो अदालती हस्तक्षेप से उनको राहत मिल जाती है।

संभवत यह पहला मौका है, जब किसी एक शख्स के नाम पर पाकिस्तानी फौज में भी फूट है। आला अधिकारी इमरान खान को एक बड़ा खतरा मानते हैं, लेकिन उनके परिवार इससे इत्तफाक नहीं रखते, यहां तक कि निम्न व मध्यवर्ग के अधिकारी भी इमरान के समर्थक माने जाते हैं। आलम यह है कि सेवानिवृत्त फौजी अफसर भी उनको पसंद करते हैं।

सवाल है कि अब आगे क्या होगा? अगर पाकिस्तान की हुकूमत इमरान खान को किसी कारणवश गिरफ्तार नहीं कर पाती, तो एक लिहाज से उसका औचित्य खत्म हो जाएगा। फौज और सरकार को इस कदर ठेस पहुंचेगी कि उससे उबरना उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। देखा जाए, तो रियासत पर इमरान पूरी तरह हावी हो जाएंगे। और, अगर उनको गिरफ्तार कर लिया जाता है, तो लोगों की क्या प्रतिक्रिया होगी, इसका अनुमान फिलहाल मुश्किल है। अगर यह काफी तीखी हुई, तो वहां गृह युद्ध जैसे हालात बन सकते हैं।

इमरान समर्थकों की एक आशंका यह भी है कि गिरफ्तारी के बाद उनके नेता की या तो हत्या की जा सकती है या फिर कोई व्यवस्था बनाकर उनको सक्रिय राजनीति से आजीवन बाहर किया जा सकता है। इस आशंका का आधार यह है कि वहां की हुकूमत और फौज पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफके मुखिया को मुल्क के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा मान चुकी है।

यही वजह है कि इमरान खान ने एक लिहाज से रियासत के खिलाफ ही जंग छेड़ दी है। उनके समर्थक यह धमकी भी दिया करते थे कि अगर उनको हाथ लगाया गया, तो वह पाकिस्तान में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा कर देंगे। पिछले तीन दिनों का घटनाक्रम इसी की तस्दीक कर रहा है। यह स्थिति पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। जाहिर है, इमरान खान गिरफ्तार होते हैं या विजयी, दोनों ही सूरतों में वहां के लोकतंत्र को गंभीर खतरा है। क्या हमें वहां की चिंता करनी चाहिए? फिलहाल भारत के लिए तो कोई सीधा खतरा नहीं है। पाकिस्तान जितना कमजोर होता जाएगा, भारत को परेशान करने की उसकी क्षमता उतनी कम होती जाएगी। यह हमारे लिए सुखद स्थिति होगी। मगर इसमें कुछ पेचीदगियां भी हैं। मसलन, पाकिस्तान के पास यह आसान बहाना रहेगा कि आंतरिक उथल-पुथल को संभालने में लगे रहने के कारण 'नॉन-स्टेट एक्टर्स' पर उसका नियंत्रण नहीं। या, वह ऐसे तत्वों को हवा देना तेज कर देगा, ताकि भारत स्थिर न रह सके। या फिर, अपने आंतरिक मतभेदों को पाटने या खुद को एकजुट करने के लिए वह नई दिल्ली के साथ तनाव बढ़ाने के प्रयास करे। मगर यह सब आसान नहीं होगा, क्योंकि पाकिस्तान आर्थिक मुश्किलों से भी मुकाबिल है और यदि भारत ने जवाब दिया, तो उसे संभलने का मौका नहीं मिलेगा। हां, एक लिहाज से पाकिस्तान की अस्थिरता भारत पर दूरगामी असर डाल सकती है। यदि वहां के बिगड़ते हालात को देखकर पलायन शुरू हुआ, तो भारी तादाद में पाकिस्तान के नागरिक भारत की सीमा में दाखिल हो सकते हैं, क्योंकि वहां की एक बड़ी आबादी भारतीय सरहद से जुड़े इलाकों में ही बसती है। उसके लिए अफगानिस्तान या ईरान में गुजारा करना मुश्किल होगा, इसलिए वह हमारी जमीन पर ठिकाना ढूंढ़ने का प्रयास करेगी। इस पर हमारी हुकूमत को नजर रखनी होगी। हालांकि, हमारे लिए एक अवसर भी है। पाकिस्तान यदि संभल भी जाता है, तो उसे अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कम से कम पांच-छह साल लगेंगे। इस बीच भारत चाहे, तो पाकिस्तान के साथ ताकत के अंतर को बहुत ज्यादा बढ़ा सकता है। इसका कई मोर्चों पर हमें फायदा मिलेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# हिन्दुस्तानी शहर आखिर इतने प्रदूषित क्यों हैं

विवेक चट्टोपाध्याय, शोधकर्ता, सीएसई

यह बेहद चिंताजनक तथ्य है कि दुनिया के 15 प्रदूषित शहरों में से 12 भारत के हैं। स्विस कंपनी आईक्यूएयर ने मंगलवार को 'वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट' जारी की, जिसमें कहा गया है कि भारत साल 2022 में दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश रहा। ताजा आंकड़ों के अनुसार, सबसे प्रदूषित भारतीय शहरों का पीएम2.5 स्तर 53.3 है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की रैंकिंग में दो भारतीय शहर टॉप पर हैं। पहले स्थान पर दिल्ली के पास स्थित भिवाड़ी है और दूसरे पर खुद दिल्ली है।

प्रदूषित शहरों की सूची जब भी जारी होती है, भारतीय शहरों का उसमें होना अब एक आम बात है। अब यह सूचना चौंकाती नहीं है। अंतरराष्ट्रीय दिशा-निर्देशों या पैमानों के हिसाब से देखें, तो वाकई हमारे शहरों में ज्यादा प्रदूषण है। हमारे पैमाने थोड़े कमजोर हैं, लेकिन हम अपने मानकों पर भी प्रदूषित हैं। समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी होते रहते हैं कि पीएम 2.5 का क्या स्तर होना चाहिए और हमारे शहरों में इसका स्तर ज्यादा पाया जाता है। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है कि हमें शहरों में ही नहीं, बल्कि उनके आसपास के इलाकों, यहां तक कि गांव के स्तर पर भी कदम उठाने की जरूरत है। अभी तक प्रदूषण को कम करने के प्रयास शहरों तक ही सीमित हैं, जबकि शहरों के अलावा भी बड़े इलाके प्रदूषण से पीड़ित हो रहे हैं। प्रदूषण कम करने की योजनाएं अब केवल शहर केंद्रित न रहें, उनका दायरा बढ़ाना पड़ेगा। 'ग्रीन ट्रिब्यूनल' ने आदेश दिया था कि राज्य स्तर पर एक्शन प्लान बनाए जाएं, मगर अनेक राज्यों में यह अब तक नहीं बना या बनाया जा रहा है। सारे सूबों का एक्शन प्लान बन जाए, उसके बाद जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। हर राज्य अपनी-अपनी स्थिति को देखते हुए तय करे कि प्रदूषण को कब तक कितना कम कर देना है।



अभी प्रदूषण घटाने का जो राष्ट्रीय कार्यक्रम है, वह पीएम पार्टिकल्स पर केंद्रित है। इसमें ओजोन, नाइट्रोजन व अन्य प्रदूषक तत्वों को भी लाया जाना चाहिए। प्रदूषण निगरानी का दायरा बढ़ना चाहिए। योजना बना देना या दिशा-निर्देश जारी कर देना काफी नहीं है, जमीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी करनी पड़ेगी। केवल कुछ लोगों को जिम्मेदारी दे देने से कुछ नहीं होगा, ऊपर से दबाव बहुत जरूरी है, ताकि सही काम हो।

स्वच्छता सर्वेक्षण हर साल होता है, इसके साथ ही प्रदूषण निवारण योजनाओं और किसने प्रदूषण घटाने के लिए कितना काम किया, इसका भी सर्वेक्षण होना चाहिए। लोगों के सामने आना चाहिए कि किस शहर में प्रदूषण घटाने के लिए क्या किया गया और उसमें कितनी कामयाबी मिली। अगर किसी शहर में लगातार नाकामी हासिल हो रही है, तो वह भी सबके सामने आनी चाहिए। शहरों को एक-दूसरे से प्रदूषण घटाना सीखना होगा। यह भी जरूरी है कि प्रदूषण के मामले में रैंकिंग बनाते वक्त सिर्फ सरकार फैसले न करे, इसमें तीसरे पक्ष और मीडिया को भी शामिल करना चाहिए। प्रदूषण घटाने की निगरानी में शोधकर्ताओं व छात्रों को भी शामिल किया जाए।

प्रदूषण दूर करने और योजना बनाने में इसलिए भी दिक्कत आ रही है, क्योंकि इस काम में चार-पांच विभाग शामिल रहते हैं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जिम्मेदारी दी गई है, पर इस काम में अधिक विभागों की भागीदारी होने के चलते मुश्किल आ रही है। दिल्ली की ही बात करें, तो कूड़े के पहाड़ हट नहीं रहे हैं। ऐसे में, यह देखना चाहिए कि क्या सरकारों या विभिन्न विभागों के बीच पर्याप्त समन्वय है? सफाई का काम मौसमी नहीं है, यह काम साल भर समान रूप से चलना चाहिए, तभी नतीजे दिखेंगे। निरंतर काम और लगातार निगरानी से ही हवा सांस लेने लायक हो सकती है।

शहरों में प्रदूषण के बड़े स्रोतों का पता लगाना पड़ेगा और उन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। ऐसा नहीं है कि सुधार के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है। हां, प्रदूषण ज्यादा बढ़ जाने पर रोकथाम के उपाय बड़े शहरों में ही ज्यादा देखे जाते हैं। लोग भी जागरूक हुए हैं, पर इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है। भारत में चार हजार से ज्यादा शहर हैं, पर ज्यादातर शहरों में प्रदूषण की निगरानी नहीं हो रही है। शहरों में प्रदूषण, गंदगी कम करने के लिए लोगों को जागरूक होना पड़ेगा और अंततः इसे राजनीतिक स्तर पर प्रभावी मुद्दा बनाना पड़ेगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बीमारी की मजबूरी से हासिल सुनहरी चमक

अरुण नैथानी



जीवन में कभी नकारात्मक मोड़ इंसान को कब अप्रत्याशित कामयाबी दे जाते हैं कहना मुश्किल है। उत्तराखंड की प्रतिभा के साथ भी ऐसा ही हुआ। वह पिछले दिनों तब सुर्खियों में आई जब वह मध्यप्रदेश के रतलाम में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हुई। उसने कॉलेज के दौरान कई खेल तो खेले थे मगर कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह इस खेल में आएगी। उत्तराखंड के परंपरागत समाज में इस खेल को कभी सम्मान की नजर से नहीं देखा गया। वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली राज्य की पहली महिला है। दरअसल, इस पाश्चात्य खेल की प्रतियोगिता में पहनी जाने वाली टू पीस ड्रेस यहां की महिलाओं को इस खेल से दूर रखती रही है। शुरू में प्रतिभा के सामने भी यही दिक्कत थी और आस-पड़ोस की महिलाएं तरह-तरह की बातें बनाया करती थी, लेकिन प्रतिभा के पति ने उसे संबल दिया और उसकी प्रतिभा को निखारने में मदद की।

वास्तव में प्रतिभा के जीवन में बॉडी बिल्डिंग खेल का आना बेहद चौंकाने वाला है। दरअसल, प्रतिभा का दूसरा बेटा होने के बाद उसे लगा कि शरीर शिथिल हो गया है। देहरादून में पति के कपड़ा व्यापार में हाथ बंटाने वाली प्रतिभा अक्सर थकान महसूस करती। उसका रक्तचाप कम रहने लगा और वजन लगातार बढ़ता गया। कई साल ऐसे ही गुजर गये, लेकिन समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही थी। बाद में डॉक्टरी जांच में पता चला कि उसके शरीर में थायरॉइड खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। तेज दवाइयां भी दी गई लेकिन सफलता नहीं मिली। फिर डॉक्टरों ने उन्हें जिम जाने की सलाह थी। प्रतिभा बचपन में अच्छी खिलाड़ी रही थीं, उनके लिये पसीना बहाना सामान्य बात थी। कालेज के दौरान वह वॉलीबाल व क्रिकेट में राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व भी कर चुकी थीं। जिम जाने के बाद उनका वजन तो 25 किलो कम हुआ, लेकिन उनके पति ने प्रतिभा के शरीर में आये विशिष्ट बदलाव महसूस किये। उन्होंने पाया कि उनका शरीर बॉडी बिल्डिंग के अनुरूप ढल रहा है। फिर महज तीन माह के अभ्यास के बाद प्रतिभा ने पति व कोच की मदद के चलते सिक्किम में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेकर चौथा स्थान हासिल किया। इतने कम समय में यह कामयाबी चौंकाने वाली थी।

उत्तराखंड के पौड़ी जनपद स्थित यमकेश्वर ब्लॉक के आमड़ी गांव की प्रतिभा थपलियाल की पढ़ाई-लिखाई ऋषिकेश से हुई। शादी के बाद वह अपने पति व दो किशोर बेटों के साथ देहरादून में रहती हैं। कालेज स्तर की खेल स्पर्धाओं में उनका रुझान तो रहा, लेकिन इस अनजाने-से खेल से उनका वास्ता पड़ेगा, ये सोचा न था। काफी समय उन्होंने अपने पति भूपेश के साथ कपड़े के कारोबार में हाथ बंटाया। लेकिन थायरॉइड की बीमारी ने उनकी दुनिया बदल दी। मगर उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत बना दिया। हालांकि, इसके लिये उन्होंने जिम में खूब पसीना बहाया। जिसका नतीजा यह हुआ कि उनकी बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में उपस्थिति किसी चमकदार सितारे के रूप में हुई।

लेकिन प्रतिभा की राह इतनी आसान भी नहीं थी। उनका मनोबल गिराने वाले लोग भी कम नहीं थे। लेकिन उनके पति व परिवार के लोग उनके साथ हर मोड़ पर खड़े रहे। जिम और सप्लीमेंट्स का महंगा खर्च जुटाना आसान नहीं था। उन्होंने कोच भी बदला और जिम भी, ताकि सफलता की राह तय हो सके। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में प्रतिभा के पति भूपेश संबल देने के अलावा एक कोच व मार्गदर्शक के रूप में सामने आये। जब प्रतिभा के मन में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में टू-पीस बिकनी की अनिवार्यता को लेकर दुविधा खड़ी हुई तो पति फिर संबल बनकर साथ खड़े हुए। एक बात यह अच्छी हुई कि जब वे सिक्किम में आयोजित चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर आईं तो कुछ लोगों ने उनकी एक समय की डाइट और जिम की सुविधा की व्यवस्था कर दी। उनके भाई और बहन भी उनकी सहायता के लिये आगे आये।

बहरहाल, अब सीनियर वर्ग में चैंपियन बनने के बाद प्रतिभा खासी उत्साहित हैं। वे अब एशियन व विश्व चैंपियनशिप में देश के लिये सुनहरे तमगे लाना चाहती हैं। वे जिम में पसीना बहा रही हैं। प्रतिभा को अपने पति व परिवार तथा कोच पर विश्वास है, लेकिन साथ ही आशा है कि सरकार उसकी मदद करे। इसकी तैयारी व डाइट खासी खर्चीली है। इसके बावजूद देश का नाम रौशन करने का संकल्प मन में है। जिसके लिये कड़ी मेहनत के साथ अनुशासित जीवन को उन्होंने दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। शारीरिक व मानसिक ताकत के बूते वे आत्मविश्वास से भरी हैं। प्रतिभा 41 वर्ष की उम्र में परिवार व खेल की तैयारी में सामंजस्य बनाये हुए हैं। इस तरह थायरॉइड असंतुलन से शुरू हुई जटिलता को जैसे प्रतिभा ने अपनी ताकत बनाया, वह प्रेरणादायक ही है।

बहरहाल, उत्तराखंड के लिये वर्जित खेल माने जाने वाले बॉडी बिल्डिंग में सुनहरी सफलता पाने के बाद पहली बार अप्रैल में उत्तराखंड में बॉडी बिल्डिंग फेडरेशन कप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सारे देश से सैकड़ों प्रतियोगी भाग लेंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX

ITR फाईल

बनवायें मात्र 500/- में

TDS, GST, TAX Expert

सम्पर्क- शेखर गुप्ता

9300755544

onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# 80 लाख की लागत से बदलेगा लक्ष्मण नगर तालाब, बनेगा सूर्य देव का भव्य मंदिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से छावनी स्थित लक्ष्मण तालाब का जीर्णोद्धार किया जाएगा। करीब 80 लाख की लागत से यहां भगवान सूर्य का मंदिर बनाया जाएगा या यह मंदिर भिलाई का पहला और सबसे भव्य मंदिर होगा। जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा।

यह मंदिर छावनी के लिए एक नई पहचान बनेगी। जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र होगा। इसके अलावा तालाब का सौंदरीकरण, रंग रोगन के अलावा सुंदरता के लिए रंग बिरंगी लाइटें भी लगाई जाएंगी। इसके लिए नगर निगम भिलाई ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद तालाब सौदरीकरण कार्य शुरू किया जाएगा।

बता दें लक्ष्मण नगर तालाब में हर साल छठ पर्व पर छठी मैया की पूजा पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। हजारों की संख्या में छावनी के लोग यहां माता की पूजा करने आते हैं और उगते सूरज और डूबते सूरज को अर्द्ध देते हैं। जनता की भावनाओं को देखते हुए यहाँ भगवान सूर्य का मंदिर बनाया जाएगा। इसके अलावा लक्ष्मण नगर तालाब में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। लक्ष्मण नगर तालाब में ब्यूटीफिकेशन का काम किया जाएगा।



घाट को साफ कर जहां टूट फुट गए हैं,उसे मरम्मत किया जाएगा। फिर घाट का रंग रोगन किया जाएगा। कलरफुल रंग बिरंगी एलईडी लाइट लगाई जाएंगी। चारों ओर गार्डनिंग और तालाब के सुंदरता के लिए अन्य जरूरी काम किए जाएंगे। सिर्फ यही नहीं जनता की भावनाओं को देखते हुए विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल से यहां एक भव्य और सर्व सुविधा युक्त डोम सेड का निर्माण किया गया है ताकि कभी भी धार्मिक आयोजन यहां अच्छे से किया जा सके।

## भेंट-मुलाकात में वार्ड के लोगों ने की थी मांग



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव समय-समय पर अपने विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से भेंट मुलाकात करते रहते हैं। इसके तहत विधायक देवेन्द्र यादव बारी बारी से वार्ड में जाकर लोगों से मिलते हैं। उनका हालचाल पूछते हैं और लोगों के साथ मिलकर उनके वार्ड में हो रहे विकास कार्य का निरीक्षण करते हैं। भिलाई नगर विधायक कुछ समय पहले छावनी वार्ड पहुंचे थे जहां वार्ड वासियों ने तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग की गई थी। लोगों की मांग पर छावनी लक्ष्मण नगर तालाब के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई गई थी। प्रस्ताव बनाया गया और जिस पर शासन से स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रकिया शुरू कर दी है।

## खास खबर

### कलेक्टर ध्रुव ने सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर जनजागरूकता के लिए किया रवाना




**रायपुर।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने जिले में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुए सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी विकासखंडों में जाकर लोगों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के सुपोषण के लिये जागरूक करेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त राज्य बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### लैंगिक उत्पीड़न को लेकर कार्यशाला आयोजित

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महोदय विपिन जैन के मार्गदर्शन में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोषण) अधिनियम 2013 अंतर्गत विभिन्न विभागों में गठित आंतरिक शिकायत समितियों के अध्यक्ष व सदस्यों एवं जिले में गठित शिकायत समिति के लगभग 70 सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 16 मार्च को महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के प्रेरणा सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में विपिन जैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में अशोक जयसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता व्दारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अशोक जायसवाल विषय विशेषज्ञ एवं सुश्री प्रीति बाला शर्मा, संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान श्रीमती बी. देहारी, जिला कार्यालय दुर्ग, श्रीमती पूजा तिवारी, श्रीमती लोकमणी साहू, आईसीपीएस महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग (छ.ग.) व्दारा विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई जिसमें उक्त अधिनियम अंतर्गत गठित आंतरिक शिकायत समिति, स्थानीय समिति के गठन कार्य प्रणाली जांच प्रक्रिया एवं दण्डात्मक प्रावधान संबंधी जानकारी, लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।

### फाइट द बाइट अनूठा मिशन

# मलेरिया स्रोत पर ही रोकने 94 तालाबों को किया गया साफ

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। भिलाई के इस आमा तालाब पर नजर डालिये। एक फोटो फाइट द बाइट अभियान से पहले की है और एक फोटो बाद की। सफाई के बाद यह तालाब इतना संवर गया है कि लोग अब देर तक इसे निहारते हैं। कुछ समय पहले तक यहां लोग पालिथीन फेंक देते थे और तालाब के भीतर घास उग आई थी। तालाब की सफाई से तालाब तो निखरा ही है मच्छरों के लार्वा को स्रोत से समाप्त करने में बड़ी मदद मिली है।



नगरीय निकायों के ऐसे ही जलस्रोतों को लार्वा से मुक्त करने का काम फाइट द बाइट अभियान का एक हिस्सा है जिसमें सार्वजनिक स्थलों के साथ ही जलस्रोतों और घरों तथा बाड़ियों में भी लार्वा नष्ट करने का काम किया जा रहा है।

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में मच्छरों को स्रोत से समाप्त कर मलेरिया की रोकथाम करने का सबसे बड़ा अभियान दुर्ग जिले में चल रहा है। इस अभियान का नाम रखा गया है फाइट द बाइट। इसके पहले मलेरिया तथा डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए घर-घर जाकर स्रोत नष्ट किये जाते थे।

इस बार घर-घर जाकर निगम टीम तो ऐसे स्रोत नष्ट ही कर रही हैं। सार्वजनिक स्थलों में इनके उत्पत्ति के बड़े स्रोत को नष्ट करने पर काम हो रहा है। मच्छर के सबसे ज्यादा लार्वा तालाब में पनपते हैं। 94 तालाब अभी तक साफ, 92 तालाबों पर हो रहा काम- मलेरिया के लार्वा तालाबों के किनारे उग आई घास पर पनपते हैं। इसके लिए जनभागीदारी के साथ निगम अमले ने तालाबों के किनारे और तालाबों के पास उग आई घास को साफ करने का काम किया। अब तक पूरे जिले में नगरीय निकायों में 94 तालाबों में सफाई का काम हो चुका है। इसके अलावा 92 तालाबों पर काम हो रहा है।

भिलाई निगम में तीन बड़े नाले हैं और दुर्ग निगम में चार बड़े नाले। इनके आसपास भी व्यापक सफाई की गई है ताकि मच्छरों के बड़े स्रोत समाप्त किये जा सकें। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लार्वा भक्षी गम्बूजिया मछलियों के बीज भी तालाबों में छोड़े गये हैं। इस अभियान के चलते तालाब अपने पुराने रूप में संवर भी रहे हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य भी इसमें काफी जोरशोर से हिस्सा ले रहे हैं और पर्यावरणप्रेमी भी इस मुहिम से जुड़ रहे हैं।

सार्वजनिक स्थलों को किया जा रहा लक्षित, 465 स्थल हो चुके साफ, 38 स्थलों में अभी होगी सफाई- इसके साथ ही नगरीय निकायों में सार्वजनिक स्थलों को भी लक्षित किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों में ऐसी जगह जहां लार्वा पनप सकते हैं। भिलाई निगम में ऐसे 170, दुर्ग निगम में 91 और भिलाई चरौदा में 54 तथा नगर निगम रिसाली में 14 सार्वजनिक स्थलों में सफाई हो चुकी है। भिलाई, दुर्ग तथा रिसाली निगम में सभी सार्वजनिक स्थलों की सफाई हो चुकी है। दिन निर्धारित कर पहुंच रहा दल- पूरे अभियान में 14 हजार से अधिक घरों में अब तक स्वास्थ्य विभाग और निगम की टीम पहुंच चुकी है। कूलर आदि के साथ ही ऐसी जगहों पर जहां जलस्रोत होने की संभावना है नष्ट किये जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को मिल रहा लाभ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत संचालित गौठानों में गोबर क्रय, वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन, विक्रय एवं आजीविका से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके तहत ग्रामीण व शहरी पशुपालकों की अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है। जिले में बहुतायत संख्या में कृषकों द्वारा पशुपालन का व्यवसाय किया जाता है। गाय एवं भैंस वंशीय पशुओं के गोबर की व्यवस्थित ढंग से उपयोग नहीं होने, वैज्ञानिक पद्धति से ऑर्गेनिक खाद का उत्पादन नहीं करने एवं खुले पशुओं द्वारा उत्सर्जित गोबर को एकत्र नहीं करने के कारण कृषकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था। इस योजना से गोबर से निर्मित वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट जैसे कार्बनिक खाद से कृषकों के खेतों में जैविक खेती की दिशा में उत्कृष्ट पहल की जा रही है। रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों का उपयोग कम होने से भूमि, जल, वायु, पर्यावरण के प्रदूषण को कम करके भोज्य श्रृंखला में रासायनों के अवशेष को कम किया जा रहा है। जिससे खाद्य पदार्थों गुणवत्ता में सुधार होने की पूर्ण संभावना है। आगामी खरीफ वर्ष 2023 हेतु रासायनिक उर्वरकों की खपत को कम करके गुणवत्तापूर्ण अधिकतम वर्मी कम्पोस्ट कृषकों को उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में योजना के सुचारू रूप से संचालन हेतु निरंतर कृषक प्रशिक्षण, संगोष्ठी, किसान मेला, गौठान मेला का आयोजन किया जा रहा है। सुराजी गांव योजना के तहत जिले के 26 नवीन सक्रिय गौठानों को रखरखाव, संधारण एवं प्रोत्साहन के लिए 40 हजार रूपए प्रति गौठान, कुल राशि 10 लाख 40 हजार रूपए का भुगतान गौठान समितियों को किया गया है। गोधन न्याय योजना ग्रामीण एवं शहरी पशुपालकों के आय और रोजगार सृजन का लाभकारी साधन बन गया है।

## समाधान तुंहर दुआर शिविर में प्राप्त आवेदनों का पात्रतानुसार किया गया मौके पर निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित समाधान तुंहर दुआर शिविर ग्रामीणों के लिए सौगातों भरा रहा। शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के समक्ष ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों का परीक्षण कर मौके पर अनेक समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अंतर्गत विकासखण्ड गुरूर के ग्राम पंचायत चंदनबिरही, आनंदपुर, कोचवाही, विकासखण्ड डौण्डीलोहारा के ग्राम पंचायत कोडेकसा, बड़ाजुगेंरा, खड़बत्तर तथा मारीबंगला तहसील के ग्राम पंचायत भुरकाभाट, मनकी, भेड़ी में आयोजित शिविर में अपने मांगों एवं समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त हुए।

इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रतानुसार मौके पर ही हितग्राहियों का नया राशन कार्ड बनाने के साथ ही राशन कार्ड में नाम जोड़ा गया। इसके अलावा बी-1 नकल, बीज मिनीकिट, किसान पुस्तिका आदि का वितरण किया गया।

## सिंधी फूड फेस्टीवल हो जमालो में संस्कृति की दिखेगी झलक

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। चेट्री चंड महोत्सव के उपलक्ष्य में भारतीय सिंधु सभा भिलाई एवं श्रीराम महिला मंडल वैशाली नगर के संयुक्त तत्वाधान में सिंधी मेलो हो जमालो का आयोजन किया जा रहा है। हो जमालो सिंधी फूड फेस्टिवल 18 मार्च शनिवार को श्री झूलेलाल धाम वैशाली नगर में आयोजित है।



कार्यक्रम संयोजक शंकर सचदेव ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हो जमालो कार्यक्रम में सिंधी संस्कृति, सिंधी बोली व सिंधी व्यंजनों का शानदार समावेश होगा। हो जमालो एक सामाजिक मेल मिलाप व मनोरंजन के साथ साथ युवा पीढ़ी को संस्कृति के दर्शन कराने का अनूठा प्रयास होंगा। सिंधी गीत संगीत का रंगारंग कार्यक्रम सुनील मनुजा गोंदिया के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। दाल पकवान,सिंधी कढ़ी,खिंचा,पापड़,डोडा चटनी,सिंधी सिंगर की मिठाई,संयु पटाटा आदि अनेक सिंधी व्यंजन एक ही स्थान पर सिंधी परिवारों के लिए एक अदभुत नजारा होगा। सचदेव ने बताया कि गीत संगीत ,व्यंजन के साथ खेल खेल में सिंधी संस्कृति की जानकारी भी दी जाएगी।

समाज मे उत्कृष्ट योगदान हेतु सामाजिक संस्थाओं का सम्मान भी किया जाएगा। भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष सुरेश नागदेव ने जानकारी दी कि श्री हेमन कुमार नागदेव इस कार्यक्रम के संरक्षक है।श्रीराम महिला मंडल की साक्षी खूबचंदानी,पलक निहिचलानी, पालकी शदाणी एवम सिंधु सभा के राज जसूजा व रोहित केलवानी सक्रिय है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

# शासन की सामुदायिक बाड़ी विकास योजना बना आमदनी का जरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सामुदायिक बाड़ी विकास योजना स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए आमदनी का जरिया बन चुकी है। महिलाएं सामुदायिक बाड़ी में सब्जी की खेती कर अच्छा खासा पैसा कमा रही हैं।



लोरमी विकासखंड के ग्राम सांवतपुर में दुर्गा इंदिरा स्व सहायता समूह की महिलाएं बाड़ी विकास योजना के तहत सब्जी उत्पादन कर योजना के प्रारंभ से अब तक 1.50 लाख रुपए की आमदनी प्राप्त कर चुकी हैं। समूह के महिलाओं का कहना है कि शासन की बाड़ी विकास योजना हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इन महिलाओं ने शासन की महत्वाकांक्षी बाड़ी विकास योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

समूह की महिलाओं ने बताया कि जब से गौठान बना है। तब से हम लोग गौठान परिसर में सब्जी की खेती कर रहे हैं और उत्पादित सब्जी को आसपास के बाजार में थोक, चिल्हर तथा स्कूल व आंगनबाड़ी में बेचकर अब तक 01 लाख 50 हजार का आय हुआ है, जिससे हम सभी महिलाओं के जीवन स्तर में काफी सुधार आया है। बाड़ी विकास योजना के तहत समय-समय पर हमें उद्यान विभाग द्वारा सब्जी उत्पादन हेतु आवश्यक तकनीकी मागदर्शन भी प्राप्त होता है। बता दें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शासन द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने सामुदायिक बाड़ी विकास योजना प्रारंभ की गई है। कलेक्टर श्री राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में योजना का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके चलते आज स्व सहायता समूह की महिलाएं बाड़ी विकास कार्य से जुड़कर अच्छा खासा पैसा कमा रही है और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।


आवश्यकता है

लड़के एवं लड़कियों की वेतन चार अंकों में

भिलाई मसाला उद्योग

128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,

फोन. 2284508, मो. 9826137766






# विधानसभा में मुख्यमंत्री से संबंधित विभागों के लिए 13 हजार 325 करोड़ रुपए से अधिक राशि की अनुदान मांगें पारित

## सीएम बघेल ने कहा- विकास की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा में मुख्यमंत्री से संबंधित विभागों के लिए कुल 13 हजार 325 करोड़ रूपए से अधिक राशि की अनुदान मांगे पारित कर दी गई। इनमें विभागवार सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 529 करोड़ 82 लाख 55 हजार रूपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 43 करोड़ 70 लाख रूपए, वित्त विभाग से संबंधित व्यय के लिए 7 हजार 558 करोड़ 23 लाख रूपए, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय के लिए 208 करोड़ 65 लाख रूपए, ऊर्जा विभाग से संबंधित व्यय के लिए 3 हजार 457 करोड़ 28 लाख रूपए, खनिज साधन विभाग से संबंधित व्यय के लिए 654 करोड़ 17 लाख रूपए, जनसंपर्क विभाग से संबंधित व्यय के लिए 599 करोड़ 37 लाख रूपए, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 146 करोड़ 83 लाख रूपए तथा विमानन विभाग के लिए 128 करोड़ रूपए की राशि शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में अपने विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में मजबूती के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में ऋण भार बजट का 17.9 प्रतिशत है, अन्य प्रदेश की तुलना में छत्तीसगढ़ की स्थिति बेहतर है। आम जनता की सुविधा हेतु नए जिले, तहसीलें और अनुविभाग बनाए गए। भेंट-मुलाकात में आम जनता से सीधा संवाद करने से बहुत सारी समस्याओं का त्वरित निवारण हो रहा है। हमारी सरकार ने कई नवाचार किए हैं, इसके लिए नवाचार आयोग बना रहे हैं। इसके तहत छत्तीसगढ़ में लोगों के विकास के लिए नई-नई योजनाओं तथा कार्यक्रमों का बेहतर ढंग से संचालन हो रहा है। प्रधानमंत्री भी छत्तीसगढ़ के नवाचारों की चर्चा करते हैं। नीति आयोग की बैठक में और व्यक्तिगत मुलाकातों में भी इसकी जरूर चर्चा होती है।

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि राज्य में दिनों-दिन अंडरग्राउंड वॉटर नीचे जा रहा था, इसे रोकने के लिए नरवा कार्यक्रम हमने शुरू किया। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगा है। नवीन पेंशन योजना की जगह पर पुरानी पेंशन योजना लागू की गई है, इसके लिए प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में कर्मचारियों का भविष्य



सुरक्षित हुआ है। राज्य में 1 नवम्बर 2004 से लागू की गई नवीन अंशदायी पेंशन योजना के स्थान पर 1 अप्रैल 2022 से समस्त शासकीय सेवकों हेतु पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई। इसके फलस्वरूप भविष्य में पेंशनरी दायित्वों के भुगतान हेतु गठित पेंशन निधि में निवेश के लिए 250 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 11 हजार 256 करोड़ रूपए का अनुदान दिया गया है। प्रदेश में हाफ बिजली बिल योजना के तहत मार्च 2019 से दिसम्बर 2022 तक लगभग 42.20 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को 3453.17 करोड़ रूपए की तथा ग्रामीण औद्योगिक पार्क एवं 334 गौठानों के कनेक्शन को रियायत प्रदान की जा चुकी है। राज्य में 20 हजार 550 पंपों का विद्युतीकरण मार्च 2023 तक पूर्ण करने की योजना है। छत्तीसगढ़ में बिजली की कमी नहीं है, जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखकर प्रीपेड मीटर के क्षेत्र में भी हम आगे बढ़ रहे हैं। राज्य में बिजली की लगातार डिमांड बढ़ रही है, इसे ध्यान में रखकर नए उपकेंद्र खोलने की कार्य योजना बनाई जा रही है। राज्य शासन द्वारा 1320 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना की स्थापना के संबंध में निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार भयमुक्त वातावरण में स्वंत्रत होकर कार्य कर सके, इस दिशा में भी हम प्रभावी तरीके से उपाय सुनिश्चित कर रहे हैं। पत्रकार साथियों के लिए अधिमान्यता नियमों का सरलीकरण किया गया है। अधिमान्यता का कोटा दोगुना करने से अधिमान्य पत्रकारों की संख्या 400 से बढ़कर 600 तक पहुंच गई है। इसी तरह सम्मान निधि को 5000 से बढ़ाकर 10,000 रुपए की गयी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में पत्रकार गृह निर्माण ऋण ब्याज अनुदान योजना लायी गई है। जिससे पत्रकार साथियों के स्वयं के घर का सपना पूरा हो सके। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में गृह निर्माण ऋण ब्याज अनुदान के लिए 50 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

### छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया से सहजता से जोड़ने की दिशा में भी तेजी से काम कर रहे हैं- सीएम बघेल

मुख्यमंत्री बघेल ने चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ के हित में कोई बात है तो, इसके लिए लड़ना भी पड़े तो, हम पीछे नहीं रहेंगे। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, जो गलत किया, उसे सजा मिलना चाहिए। छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ रूपए का चिट-फंड पकड़ाया, दोषी लोग जेल में हैं, उनकी संपत्तियां नीलाम कर पीड़ित लोगों को राशि लौटाने का काम किए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में जवाब देते हुए कहा कि हम छत्तीसगढ़ को देश और दुनिया से सहजता से जोड़ने की दिशा में भी तेजी से काम कर रहे हैं। यहां जगदलपुर का एयरपोर्ट शुरू हुआ, बिलासपुर में भी शुरू हुआ, अब विस्तार की मांग आ रही है। अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास के लिए 48 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी गई है। इलेक्ट्रॉनिक और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 11 प्रकार की परियोजनाएं चल रही हैं।

## खास खबर...

### पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इतिहास अध्ययन शाला का आयोजन

**रायपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के इतिहास अध्ययन शाला में 17 मार्च से 19 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय आंदोलन की विभिन्न धाराएं: सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिन्द फौज के विशेष संदर्भ में विषय पर 10 राज्यों के 25 रिसोर्स पर्सन अपने व्याख्यान देंगे और 85 शोध पत्र पढ़े जाएंगे। संगोष्ठी का शुभारंभ 17 मार्च को पूर्वान्ह 11.30 बजे पूर्व कुलपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के प्रोफेसर रविन्द्र कुमार मुख्य आतिथ्य और पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर केशरी लाल वर्मा की अध्यक्षता में की जाएगी। संचालक तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर अवनीशरण विशेष अतिथि के रूप में और प्राध्यापक एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग मगध विश्वविद्यालय बोधगया प्रोफेसर मुकेश कुमार आधार वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक डॉ. डिश्वर नाथ खुंटे, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय इतिहास अध्ययन शाला ने बताया कि वर्तमान में पूरे देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में देश के महान देशभक्त, वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान और आजाद हिन्द फौज के उत्कृष्ट कार्यों को देश के समक्ष लाने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की क्षेत्रीय इतिहास पर भी राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान पर चर्चा की जाएगी। संगोष्ठी के प्रथम दिवस दो तकनीकी सत्र होगा तथा 18 मार्च को चार एवं 19 मार्च को दो तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। समापन समारोह के दिवस दोपहर पश्चात एलूमनी मिट भी रखा गया है।

## राजस्व शिविर में हुआ आवेदनों का त्वरित निराकरण



**रायपुर (ए)।** कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को अभनपुर तहसील के आमजनों से राजस्व संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए सुबह 10 बजे से राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राजस्व प्रकरणों- नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, किसान किताब, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य राजस्व से संबंधित प्रकरणों का निराकरण किया गया। आयोजित शिविर में कई हितग्राहियों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ अपर कलेक्टर बी.बी.पंचभाई, अनुविभागीय अधिकारी(रा.) निर्भय साहू, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

आयोजित शिविर में विभिन्न प्रकरणों के कुल 226 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें 98 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया और 128 आवेदन प्रक्रियाधीन है। शिविर में नामांतरण प्रकरण के 29 प्राप्त आवेदनों में 04 निराकृत किए गए और 25 प्रक्रियाधीन है। इसी तरह खाता विभाजन के 04 में से 01, किसान किताब के पूरे 29 प्रकरण, जाति,निवास और आय प्रमाण पत्र के पूरे 56 और मृत्यु प्रमाण पत्र के 01,नक्शा बटाकंन तथा अभिलेख दुरुस्ती के 25 में से 02,सीमांकन के 11 में से 03 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। बंदोबस्त त्रुटि सुधार के 03 आवेदन प्राप्त हुए।इसी तरह विविध के 68 आवेदनों में से 02 का निराकरण मौके पर किया गया।

गुणवत्तापूर्ण सस्ती दवाओं से बचत का आंकड़ा 100 करोड़ से पार

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सार्थक पहल से छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जेब को मिल रही बड़ी राहत

### श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर जरूरतमंद एवं गरीबों के लिए बन रही जीवनरक्षक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर सभी आयु वर्ग के लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं सुलभ कराने के उद्देश्य से संचालित श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना से अब तक मरीजों को 100 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हो चुकी है, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जेब को बड़ी राहत मिली है। राज्य के सभी नगरीय निकायों में संचालित इस योजना के अंतर्गत प्रख्यात कंपनियों की जेनेरिक दवाएं 50 से 70 प्रतिशत कम दाम पर उपलब्ध कराई जाती है। धन्वंतरी दवा दुकानों में सर्दी, खांसी, बुखार,




ब्लड प्रेशर, इन्सुलिन के साथ गंभीर बीमारियों की दवा, एंटीबायोटिक, सर्जिकल आईटम भी रियायती मूल्य पर जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना 20 अक्टूबर 2021 से शुरू की गई है। योजना के तहत राज्य के समस्त 169 नगरीय निकायों में 194 श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोले गये हैं। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है। योजना से अब तक 165.59 करोड़ रुपए एम.आर.पी. की दवाईयों के विक्रय पर 106 करोड़ 53 लाख रूपए की छूट जरूरतमंद लोगों को दी गई है। गौरतलब है कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकाय में संचालित धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल की दुकानों से 50 लाख 80 हजार से अधिक नागरिकों ने सस्ती दवायें खरीदी है। जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और कम मूल्य पर दवा उपलब्ध होने से बचत हो रही है। श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों में दवाओं की उपलब्धता एवं संचालन व्यवस्था की निगरानी नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया करते रहते है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थायें लगातार करते रहने के निर्देश दिए है। नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रायपुर जिले में 20, गरियाबंद में चार, बलौदाबाजार-भाटापारा में सात, धमतरी में सात, महासमुंद में छह, दुर्ग में 19, बालोद में आठ, बेमेतरा में आठ, राजनांदगांव में पांच, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में तीन, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ में एक, कबीरधाम में छह, बिलासपुर में 10 तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में दो, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है। इसी तरह से मुंगेली में चार, कोरबा में छह, जांजगीर-चांपा में नौ, सक्ती में छह, रायगढ़ में आठ, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में पांच, जशपुर में पांच, सरगुजा में चार, बलरामपुर में पांच, सूरजपुर में छह, कोरिया में दो, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में पांच, बस्तर में तीन, कोण्डागांव में तीन, नारायणपुर में एक, कांकेर में छह, दंतेवाड़ा में पांच सुकमा में तीन और बीजापुर जिले में तीन धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है। शासकीय चिकित्सकों को अस्पताल में इलाज हेतु आने वाले मरीजों को जेनेरिक दवाई लिखना अनिवार्य किया गया है।

# गौमूत्र से बने जैविक कीटनाशक की बढ़ रही है लगातार मांग

### गोधन न्याय योजना बना आर्थिक सशक्तिकरण का माडल, मिल रहा दोहरा लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गोधन न्याय योजना आर्थिक स्वालंबन का मॉडल बनकर उभरा है। ग्रामीणों, स्वसहायता समूहों, पशुपालकों एवं विशेषकर महिलाओं को रोजगार देने के साथ ही यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। इस योजना के तहत खरीदी की जा रही गोबर और गोमूत्र से बन रहे वर्मीकम्पोष्ट एवं जैव कीटनाशक से किसान जैविक खेती की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। गौठानों के माध्यम से फरवरी माह तक 107.75 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की जा चुकी है। जिसके एवज में 215.50 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। वहीं अब गौठानों में गोमूत्र की खरीदी से स्व-सहायता समूहों की आमदनी में भी इजाफा हुआ है। कवर्धा जिले के ग्राम बिरकोना और बीरेंद्रनगर गौठान में स्व-सहायता समूह की महिलाएं गोमूत्र की खरीदी कर ब्रम्हास्त्र जैव कीटनाशक का निर्माण कर रही है। ग्राम बीरकोना गौठान की संगम स्व-सहायता समूह की सचिव त्रिवेणी देवी अंनत ने बताया की उनके समूह द्वारा 2400 लीटर गोमूत्र की खरीदी की जा चुकी है। 600 लीटर ब्रम्हास्त्र



जैव कीटनाशक का विक्रय भी किया जा चुका है। 600 लीटर का आर्डर मिला हुआ है, जिसे तैयार कर लिया गया है।

### गोमूत्र से बने कीटनाशक में रोग प्रतिरोधक क्षमता रासायनिक कीटनाशक से अधिक

छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जो पशुपालक, ग्रामीणों से दो रुपए किलो में गोबर खरीदी करने के बाद अब 4 रुपए लीटर में गौमूत्र की खरीदी कर रहा है। गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी की सफलता ही गौमूत्र खरीदी का आधार बनी है। गौमूत्र से कीट नियंत्रक उत्पाद, जीवामृत, ग्रोथ प्रमोटर बनाए जा रहे है। इसके पीछे मकसद यह भी है कि खाद्यान्न उत्पादन की विषाक्तता को कम करने के साथ ही खेती की लागत को भी कम किया जा सके। खेती में अंधाधुंध रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के उपयोग से खाद्य पदार्थों की पौष्टिकता खत्म हो रही है भूमि की उर्वरा शक्ति घट रही है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि गौमूत्र कीटनाशक, रासायनिक कीटनाशक का बेहतर और सस्ता विकल्प है। इसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता, रासायनिक कीटनाशक से कई गुना अधिक होती है। खेतों में इसके छिड़काव से कीटों के नियंत्रण में मदद मिलती है। पत्ती खाने वाले, फलछेदन एवं तनाछेदक कीटों के प्रति गौमूत्र कीटनाशक का उपयोग ज्यादा प्रभावकारी है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सीने में जलन होने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, जल्द मिलेगा आराम



सीने में जलन होना हार्ट अटैक के मुख्य लक्षणों में से एक है, इसलिए इसे नजरअंदाज करना जान को जोखिम में डालना है। हालांकि, गैस से संबंधित विकार भी इसका कारण हो सकते हैं। अगर यह समस्या गैस के कारण है तो कुछ घरेलू नुस्खे इसे दूर करने में प्रभावी हो सकते हैं। इसके साथ ही जीवनशैली में बदलाव और सही खान-पान जरूरी है। आइए आज आपको सीने की जलन को दूर करने वाले घरेलू नुस्खे बताते हैं।

## बेकिंग सोडा का करें इस्तेमाल

बेकिंग सोडा यानी सोडियम बाइकार्बोनेट को एंटासिड के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सीने की जलन को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा पाउडर मिलाएं, फिर इसका सेवन करें। यदि आप एंटासिड, एस्पिरिन, विटामिन्स सप्लीमेंट्स या कोई अन्य दवा ले रहे हैं या आपको हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग या किडनी की बीमारी है तो इस उपाय को आजमाने से पहले डॉक्टरी परामर्श लें।

## मुलेठी करेगी मदद

मुलेठी भी सीने की जलन को दूर करने में सहायक है। लाभ के लिए एक पैन में एक कप पानी गर्म करें और उसमें मुलेठी की सूखी जड़ के कुछ टुकड़े डालें। अब पानी को 5-10 मिनट तक उबालें, फिर इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका सेवन करें। हालांकि, इस मिश्रण का के लंबे समय तक सेवन न करें क्योंकि मुलेठी से हाई ब्लड प्रेशर, कमजोरी और खून के थक्के जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

## कैमोमाइल चाय पीएं

कैमोमाइल चाय सीने की जलन को शांत करने और पाचन तंत्र को ठीक करने में काम कर सकती है। लाभ के लिए एक कप उबलते गर्म पानी में एक कैमोमाइल टी बैग डालें, फिर चाय को गुनगुना होने पर पीएं। इस चाय को आप दिन में 2-3 बार पी सकते हैं। हालांकि, अगर आपको डेजी के पौधों से एलर्जी है तो कैमोमाइल की चाय का सेवन करने से बचें।

## लेमन बाम भी है प्रभावी

लेमन बाम की पत्तियां भी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों को दूर करने में मदद कर सकती हैं। लाभ के लिए उबलते हुए गर्म पानी के गिलास में 5-6 लेमन बाम की पत्तियां डालें और इसे लगभग 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब इस मिश्रण को छानकर कप में डालें और इसका गर्मागर्म सेवन करें। यदि आप मधुमेह या थायराइड की दवा ले रहे हैं तो इस उपाय को आजमाने से पहले अपने डॉक्टर से पूछें।

## एलोवेरा जूस करेगा मदद

एलोवेरा जूस का सेवन कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात दिलाता है। यह रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने, अच्छे कोलेस्ट्रॉल को नियमित करने, ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने और ब्लड प्रेशर को कम करने में भी सहायता प्रदान करता है। इसके साथ ही यह सीने की जलन से भी छुटकारा दिला सकता है। लाभ के लिए किसी भी समय एलोवेरा के जूस का सेवन करें और दिन में एक-दो बार इसका सेवन करें।

# बड़ा खतरा पैदा कर सकता है गंदा योगा मैट, साफ करने के लिए अपनाएं ये ट्रिक

खुद को फिट एवं सेहतमंद बनाए रखने के लिए लोग योग का सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते है कि गंदा योगा मैट इस्तेमाल करने से आपको कई प्रकार के इंफेक्शन हो सकते हैं। जिनके कारण आप बीमार तक हो सकते हैं। ऐसे में स्वयं को सेहतमंद बनाए रखने के लिए केवल योग ही नहीं बल्कि योगा मैट की साफ-सफाई पर भी ध्यान दें। आइए जानते हैं कैसे घर पर रहकर ही आप अपने योगा मैट को साफ कर सकते हैं ।

## गुनगुने पानी का करें उपयोग

योगा मैट धोते वक्त सबसे पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपको गर्म पानी का उपयोग नहीं करना है। गर्म पानी से मैट धोने से वो खराब हो सकता है। गर्म पानी की जगह योगा मैट को साफ करने के लिए आप गुनगुने पानी का उपयोग करें। इसके लिए सबसे पहले एक टब में गुनगुने पानी के साथ डिशसोप या फिर कोई माइल्ड डिटर्जेंट डालें। तत्पश्चात, योगा मैट को इस पानी में लगभग 5-10 मिनट तक भिगोकर रखें। ऐसा करने से मैट पर जमा गंदगी निकल जाएगी।

## स्पॉन्ज से करें साफ

भीगे हुए मैट से गंदगी साफ करने के लिए उसे कोने-कोने से स्पॉन्ज से रगड़ें। ऐसा करने से योगा मैट चमकने लगेगा।

## साफ पानी में धोएं

योगा मैट रगड़ने के पश्चात् उसे साफ पानी में तब तक धोएं जब तक कि मैट पर से सारी गंदगी एवं साबुन न हट जाए। इसके लिए आप बाथरूम में नल के नीचे मैट को रख दें।

## मैट को सुखाएं

योगा मैट को सुखाने के लिए पैंट हैंगर का उपयोग किया जा सकता है।




# दिव्या अग्रवाल ने शॉर्ट ड्रेस में दिखाया स्टाइलिश अंदाज, फैंस हुए मदहोश

दिव्या अग्रवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरें इंटरनेट पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी एक झलक का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल ने ऑरेंज कलर की आउटफिट में अपनी किलर तस्वीरें शेयर की हैं। दिव्या अग्रवाल अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरों से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराए रहती हैं। उनकी बोल्डनेस फैंस के सिर पर चढ़कर बोलती है। ऑरेंज कलर की शॉर्ट आउटफिट में दिव्या अग्रवाल गजब की अदाएगी दिखाती नजर आ रही हैं। उनकी खूबसूरती लाजवाब लग रही है। पिंक बैग, पर्पल हील्स और स्टाइलिश ईयरिंग्स के साथ दिव्या अपना कातिलाना अंदाज दिखाती नजर आ रही हैं। ब्यूटीफुल अंदाज में दिव्या अग्रवाल ने कई स्टाइलिश पोज दिए, जो फैंस के दिलों को बेताब किए हुए है। दिव्या अग्रवाल अपने हॉट लुक के चलते एक बार फिर सोशल मीडिया की सुर्खियों में छा गई हैं। उनकी बोल्ड तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। इस आउटफिट में एक्ट्रेस अपना कर्वी फिगर और टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। बता दें कि दिव्या अग्रवाल ने कुछ दिन पहले ही अपूर्व पडगांवकर से सगाई की हैं, अपूर्व एख रेस्टोरेंट के मालिक हैं। वहीं, यूजर्स एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल की पोस्ट पर ढेरों कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही फैन्स उनकी तस्वीरों पर फायर और हार्ट इमोजी की बौछार कर रहे हैं। दिव्या अग्रवाल अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।




# ससुराल सिमर का 2 में परिवार से बदला लेने आ रही श्रद्धा जायसवाल




गुस्ताख दिल, शास्त्री सिस्टर्स और मधुबाला जैसे टीवी शो में नजर आ चुकीं श्रद्धा जायसवाल अब लोकप्रिय सिरियल ससुराल सिमर का 2 में एंट्री करने वाली हैं। ससुराल सिमर का 2 राधिका मुथुकुमार और तान्या शर्मा द्वारा निभाई गई दो बहनों की कहानी है। लावण्या नागिन की किरदार में अपनी एंट्री के बारे में बात करते हुए कहती है कि मेरी एंट्री से कहानी में जबरदस्त मोड़ आने की उम्मीद है। दर्शक लावण्या के सनकी किरदार को पसंद करेंगे। शो की कहानी दो बहनों, सिमर और रीमा और उनके जीवन में आ रही मुश्किलों के इर्द-गिर्द घूमती है।

आने वाले एपिसोड में सिमर (राधिका मुथुकुमार) के पति आरव (अविनाश मुखर्जी) की मां संध्या अपने बेटे को बचाने के लिए जंगल में एक नाग को मार देती है। हालाँकि, सिमर डरी हुई है क्योंकि वह मानती है कि नाग को मारना अशुभ है। वे सभी नाग का अंतिम संस्कार करते हैं। लावण्या उनसे नाग को मारने का बदला लेने का फैसला करती है।

अपने किरदार के बारे में बताते हुए, श्रद्धा ने कहा- लावण्या एक नागिन है, जो बदला लेना चाहती है। उसकी उंगलियों पर पांच अंगूठियों में अपार शक्तियां हैं, जिनमें से प्रत्येक में एक अलग तरह का जहर है। वह खूबसूरत है, लेकिन खतरनाक है। वह जो चाहती है उसे पाने के लिए कुछ भी कर सकती है।

एक्ट्रेस ने शो के कलाकारों में शामिल होने के बारे में अपनी उत्तेजना व्यक्त की और निष्कर्ष निकाला- मैं ससुराल सिमर का 2 में नागिन की इस दिलचस्प भूमिका के साथ जुड़कर रोमांचित हूं।

# रणवीर-आलिया की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शूटिंग पूरी



बालीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्मकार करण जौहर ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सेट से कुछ बीटीएस फोटो शेयर की है। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रणवीर और आलिया ने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शूटिंग खत्म होने के बाद हवन किया। इस दौरान करण जौहर भी उनके साथ दिखे। अन्य तस्वीरों में करण जौहर बाकी कास्ट के साथ सेट पर काम करते हुए नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के बीच उनके साथ धर्मेंद भी दिखाई दिए।

सेट की तस्वीरें को शेयर करते हुए करण जौहर ने कैप्शन में लिखा, साल हो गए है, जब मैंने एक फिल्म का निर्देशन किया था। मैंने एक फिल्म की यात्रा शुरू की थी, जिसे मुझे कई कारणों से बीच में ही रोकनी पड़ी और फिर मुझे सबसे अच्छी टीम का आशीर्वाद मिला। एक टीम इतनी प्यार से भरी हुई थी कि उन्हें अलविदा कहना आसान नहीं था। इतने शानदार कलाकारों के साथ काम करके मैं धन्य हूं। इस टीम ने मुझे हर वक्त सपोर्ट किया है।

हम 28 जुलाई को आप सभी के साथ अपने प्यार, परिवार, मौज-मस्ती और आनंद को साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते हैं। आपसे फिल्म में मिलते हैं। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य किरदार में नजर आयेंगी। यह फिल्म 28 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पठान ने 20 देशों के सिनेमाघरों में पूरे किए 50 दिन

यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित स्पाई यूनिवर्स की फिल्म पठान का अजेय क्रम 50 दिनों के बाद भी जारी है। पिछले 50 दिनों से लगातार सिनेमाघरों में चल रही यह फिल्म अभी भी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और 20 देशों के सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। इस फिल्म ने महामारी से त्रस्त हिंदी फिल्म उद्योग में जीवन का एक नया संचार किया है, जिसने पिछले साल बैक-टू-बैक असफलता को देखा और इस वर्ष भी पठान के बाद और तू झूठी मैं मक्कार के बीच में प्रदर्शित हुई असफल फिल्मों देखा है। प्रशंसक विशेष रूप से शाहरुख को चार साल के अंतराल के बाद स्क्रीन पर वापस देखना चाहते थे। उनकी आखिरी आउटिंग जीरो (2018) थी। 25 जनवरी को पठान की रिलीज एक तरह का उत्सव था क्योंकि प्रशंसकों ने सुबह के टिकट बुक किए और पटाखे, पोस्टर, अनुकूलित टी-शर्ट और बहुत कुछ लेकर सिनेमाघरों में पहुंचे।

पठान, शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत, 25 जनवरी को सिनेमाघरों में हिट हुई। फिल्म को हिंदी में रिलीज किया गया और तमिल और तेलुगु में डब किया गया। बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ते हुए यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनकर उभरी है। पठान ने 15 मार्च को सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए, और अब यह 20 देशों में चल रही है! यह भारत में 800 सिनेमाघरों और संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, केएसए, ओमान, कतर, बहरीन, मिस्त्र, ब्रिटेन, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी द्वीप समूह, मलेशिया, मॉरीशस, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, केन्या और तंजानिया में 135 सिनेमाघरों में चल रही है।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने एक ट्वीट में कहा, पठान के 50 दिन... अभी भी 20 देशों में चल रही है... पठान सिनेमाघरों में 50 दिन मना रही है... भारत के 800 सिनेमाघरों और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के 135 सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है।

यश राज फिल्म्स के प्रोडक्शन में जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण, डिंपल कपाडिया और आशुतोष राणा भी हैं। वाईआरएफ के ट्विटर हैंडल ने ट्वीट किया, पठान सिनेमाघरों में 50 शानदार दिन मना रहा है। प्यार को बनाए रखें। वाईआरएफ50 के साथ पठान का जश्न केवल अपने पास एक बड़ी स्क्रीन पर, हिंदी, तमिल और तेलुगु में मनाएं।

# राधिका आप्टे की मिसेज अंडरकवर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देगी दस्तक, नया पोस्टर जारी




अपनी दमदार एक्टिंग से एक अलग ही पहचान बनाने वाली राधिका आप्टे का बॉलीवुड में एक अलग ही क्रेज नजर आता है. राधिका आप्टे का नाम फिल्म इंडस्ट्री की उन अदाकाराओं में लिया जाता है जो अपने किरदार के अंदर पूरी तरह से घुस जाने की आर्ट में माहिर है. एक्ट्रेस के फैंस उनकी फिल्मों का बहुत ही बेसब्री से वेट रहता है. फैंस के इसी इंतजार को देखते हुए राधिका आप्टे बहुत जल्द स्पाई एजेंट के रोल में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है.

अनुश्री मेहता के द्वारा रिटेन और डायरेक्ट अपकमिंग मूवी मिर्सेज. अंडरकवर में राधिका आप्टे दुर्गा नाम की स्पाई एजेंट जो कि दस साल पहले ही इस काम को छोड़ चुकी है को एक बार फिर से काम पर वापस बुलाया जाएगा. आपको बता दें कि दुर्गा पूरे दस सालों तक हाउस वाइफ रही है तो वो एजेंट होने के बारे में सब भूल चुकी होती हैं. इसी के बाद स्टोरी आगे बढ़ती हुई नजर आएगी. राधिका आप्टे के अलावा इस स्पाई कॉमेडी फिल्म में सुमित व्यास और राजेश शर्मा भी नजर आने वाले हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की डायरेक्टर ने कहा है कि उनकी कोशिश ये है कि इस मूवी से दर्शकों को एंटरटेन करने के साथ उन्हें मजबूत बनाना है. इसके साथ डायरेक्टर ने भी कहा कि ये फिल्म एक मल्टीटास्कर हाउस वाइफ की स्टोरी है जो घर का काम देखने के साथ बहुत ही शानदार अंदाज से जासूसी भी करती है.

निर्माताओं ने गुरुवार को ऐलान किया कि यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी और अप्रैल में फिल्म रिलीज हो सकती है। हालांकि, अभी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं हुआ है। इसके साथ निर्माताओं ने मिसेज अंडरकवर नया पोस्टर भी साझा किया है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जिले के समस्त विकासखण्डों में मनाया जा रहा विश्व ग्लुकोमा सप्ताह

**रायगढ़।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रति वर्ष 12 से 18 मार्च तक विश्व ग्लुकोमा दिवस मनाया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार एवं डॉ.मीना पटेल नोडल अधिकारी (अंधत्व) के दिशा-निर्देशन में रायगढ़ सहित जिले के समस्त विकासखण्डों में जन-जागरूकता लाने 12 मार्च से विश्व ग्लुकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेष रूप से बुनकर समूह सदस्यों के नेत्र का परीक्षण 14 मार्च को ग्राम-मुरा में किया गया। जहां 70 सदस्यों का जॉच कर 40 प्रेषबायोपिक चश्मा वितरण किया गया। इसी प्रकार 15 एवं 16 मार्च को रायगढ़ में बुनकर समूह के 100 सदस्यों का नेत्र जॉच कर 70 सदस्यों को नि:शुल्क प्रेषबायोपिक चश्मा वितरण किया गया। उपस्थित सदस्यों को नेत्र में ग्लुकोमा से होने वाली समस्या एवं उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह बीमारी सामान्यत: 40 वर्ष के बाद शुरू होती है, आँख में एक तरल पदार्थ (एक्रस) भरा होता है यह तरल पदार्थ आँख के गोले को चिकना बनाए रखता है यदि इस तरल पदार्थ का रिसाव रूक जाये तो आंख के अंदर का दबाव बढ़ जाता है। जिससे प्रभावित आँखों में दाब सहने की क्षमता से अधिक हो जाता है फ्लस्वरूप नेत्र के पर्दे की तंतु को क्षति पहुंचाती है। जिससे दृष्टि चली जाती है। इस बीमारी से दृष्टि खराब होने के बाद उसका कहीं उपचार नहीं हो सकता है। इसे (काला मोतिया) भी कहा जाता है। ग्लुकोमा दो प्रकार के होते हैं एक प्रकार के ग्लुकोमा में आँख में तेज दर्द होता है, आँख लाल हो जाती हैं और दृष्टि कमजोर हो जाती है, जिसे एक्यूट कंजस्टिव ग्लॉकोमा कहा जाता है। इसका उपचार तुरंत कराने से कुछ दृष्टि वापस आ सकती है।

### जन समस्या निवारण शिविर : जिले में पहला शिविर 20 को

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जिले के आमजनों के सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन करने के लिए जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी और तहसीलदार को निर्देश दिए है। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 20 मार्च से 02 जून 2023 तक किया जाएगा। इस हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिसमें जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारी, विकासखंड स्तर के अधिकारी एवं फील्ड अधिकारी निर्धारित तिथि स्थल व समय पर उपस्थित रहकर ग्रामीणों के विभिन्न मांग, समस्याओं एवं शिकायतों का निराकरण यथा संभव शिविर स्थल पर करेंगे। ऐसे कार्य, मांग या शिकायतों जिसका निराकरण तत्काल संभव नहीं होंगे उन्हें यथाशीघ्र निराकृत करने का प्रयास किया जाएगा ताकि शिविर में आए हुए लोगों को इसका वांछित लाभ प्राप्त हो सके। कलेक्टर डॉ भुरे ने शिविर स्थल पर विभिन्न मांग व शिकायत आवेदनों के पंजीयन के लिए पंजीयन कक्ष, पृथक स्टॉल तैयार कर एक प्रभारी अधिकारी, पंजीयन रजिस्टर में दर्ज करने हेतु पर्याप्त स्टाफ पंजीयन रजिस्टर एवं संबंधित विभागों को आवेदन पत्र पहुंचाने हेतु पर्याप्त भृत्य की व्यवस्था करने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए है। जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन तिल्दा विकासखंड के ग्राम तारपोंगी में 20 मार्च सोमवार को कई जगहों पर शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# मशरूम के स्वादिष्ट आचार, बड़ी, पापड़ से समूह की महिलाओं की बदल रही जिंदगी

## आयस्टर मशरूम की कर रही आर्गेनिक खेती, शासन की सुराजी गांव योजना से मिला बड़ा लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव । मशरूम की सब्जी जायकेदार बनती है, यह तो सबने सुना है। लेकिन मशरूम के स्वादिष्ट अचार, बड़ी, पापड़ के प्रोडक्ट भी राजनांदगांव जिले के ग्राम जंगलपुर में पद्म माँ बम्लेश्वरी स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिलाओं ने सामूहिक एकता और एकजुटता दिखाई है। वे आयस्टर मशरूम की आर्गेनिक खेती कर रही हैं। मशरूम उत्पादन के बाद प्रोसेसिंग फूड के रूप में अचार, बड़ी और पापड़ बना रहे हैं। मार्केटिंग के दृष्टिकोण से समूह की महिलाओं द्वारा ब्रांडिंग एवं आकर्षक पैकेजिंग की जा रही हैं।



मशरूम स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। मार्केट में इसकी डिमांड को देखते हुए समूह की महिलाएं मशरूम उत्पादन के साथ ही प्रोसेसिंग फूड एवं पैकड मशरूम सप्लाई करने का कार्य कर रही हैं। शासन की सुराजी गांव योजना से गांवों में सामाजिक परिवर्तन की एक लहर आई है।

समूह की महिलाओं ने आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले में बिहान मेला के आयोजन से उनके हुनर को पहचान मिली है। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार के निर्देशन में लगातार ऐसे आयोजन से समूह की महिलाओं को प्रोत्साहन मिला है।

समूह की श्रीमती रंजीत साहू ने बताया कि इस बार डोंगरगांव के विकासखंड स्तरीय बिहान मेला, जिला स्तरीय बिहान मेला राजनांदगांव एवं लोक मंडई डोंगरगांव में मशरूम के अचार की खूब बिक्री हुई। अभी लगभग 50 हजार रूपए तक की आमदनी हुई है। जंगलपुर में 21 स्वसहायता समूह है। समूह की महिलाएं गौठानों में विभिन्न गतिविधियों में शामिल हैं। समूह की श्रीमती जानकी साहू एवं श्रीमती बिसमत साहू ने अन्य महिलाओं को मशरूम का आचार बनाने की विधि बताई।

छोटे से प्रशिक्षण के दौरान अमारी भाजी के फूलों से खट्टा-मीठा खास शर्बत बनाया गया। शर्बत बनाने की विधि सभी ने सीखी। यह शर्बत पाचक एवं ठंडा होता है और गर्मी के दिनों में लाभकारी है। इस अवसर पर पौष्टिक मशरूम के बारे में जानकारी दी गई। पोषक तत्वों से भरपूर मशरूम विटामिन बी1, बी2, बी9, बी12, विटामिन सी और विटामिन डी2 से समृद्ध है। मधुमेह, हृदयरोग, वजन कम करने सहित विभिन्न बीमारियों में इसका उपयोग कारगर है। इसके सेवन से शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है। अचार, बड़ी, पापड़, सब्जी, सूप के रूप में इसे अपने भोजन में शामिल कर सकते हैं।

## संवेदनशील क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर ही दी जा रही पंजीयन सुविधा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** सुकमा जिले में 1 मार्च से अभियान चलाकर आयुष्मान पंजीयन किया जा रहा है। 1 मार्च से प्रारंभ इस अभियान में 15 मार्च की स्थिति में 7085 हितग्राहियों का आयुष्मान पंजीयन किया गया है। जिसमें छिंदगढ़ विकासखण्ड में 3782, सुकमा विकाखसखण्ड में 1452 और कोण्टा विकासखण्ड में 1851 हितग्राही शामिल है। वहीं अभी तक जिले के 1 लाख 2 हजार 282 लोगों का आयुष्मान पंजीयन किया गया है। हितग्राहियों का शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए सीएससी केन्द्र के ऑपरेटर, स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान कार्ड पंजीयन ऑपरेटर के साथ ही रोजगार सहायक और युवा मितान आदि के माध्यम से पंजीयन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर हरिस एस. ने गंभीर बीमारियों के मुफ्त इलाज के लिए सभी आमजनों का शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन कराने के निर्देश साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए थे। साथ ही पंजीयन की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में नेटवर्क टावरों की स्थापना होने से आमजनों को ऑनलाइन सुविधा का लाभ ग्राम स्तर पर मुहैया कराई जा रही है।

साथ ही आमजनों में जागरूकता का भी विकास हो रहा है। आयुष्मान पंजीयन सहित अन्य ऑनलाइन कार्यों के लिए आमजनों को नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र, सीएससी केन्द्रों के साथ ही ग्राम स्तर पर ही सुविधा मिल रहा है। जिससे आमजनों के समय और पैसों की भी बचत हो रही है। कोण्टा क्षेत्र के ग्राम आरगट्टा, पोलमपल्ली, पुन्नलपल्ली, नागलगुण्डा, चिंतलनार और चिन्तागुफा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में संचार सुविधा का विस्तार होने से आमजनों को पंचायत स्तर पर ही आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा रहा हैं। वहीं आमजनों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन के प्रति जागरूक करने के लिए मुहिम भी चलाई जा रही है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आमजनों को गंभीर बीमारियों का इलाज मुफ्त की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग सलाकार समिति की बैठक में महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा की अध्यक्षता में अपने एमआइसी कक्ष में विभागीय समिति की बैठक में राजेन्द्र पार्क के उचित रख-रखाव हेतु पार्क को ठेके पर दिये जाने के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा किया गया ।

वर्तमान समय में ऐसी इच्छुक संस्थायें जो इस प्रकार के जैसे गार्डनों का रख-रखाव, मनोरंजन, खेलकुद एवं शासन व निगम के कार्यक्रमों को प्रदर्शित करने का काम करती है, उनके माध्यम से इस प्रकार की कार्य कराये जाने अग्रिम कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई है।राजेन्द्र पार्क में हाईब्रीड लेजर सो संगीत मय फौव्वारा लगाये जाने प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। निगम क्षेत्र के खाली जगह में अर्बन फॉरेस्ट लगाने के संबंध में भी निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा निगम क्षेत्र में स्थित खाली जगहों में वृक्षारोपण कर अर्बन फॉरेस्ट बनाये जाने की सहमति ली गई।

साथ ही गार्डनों की संख्या के हिसाब से चौकीदार, माली एवं मजदूर रखे जाने एवम उद्यानिकी विभाग में जो माली कार्यरत थे, उनमें से बहुत से कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है एवं बहुत से कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है उक्त संबंध में भी चर्चा हुई। गार्डन रख-रखाव हेतु 02 माली, 06 चौकीदार एवं 20 मजदूर प्लेसमेंट पर रखे जाने की अनुशंसा की गई है!इस दौरान श्रीमती उषा ठाकुर,श्रीमती निर्मला साहू, श्रीमती मीना सिंह,सुश्री श्रद्धा सोनी,श्रीमती हेमा शर्मा, श्रीमती कविता ताण्डी,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह आदि मौजूद रहें।

# महिला दिवस पर भिलाई चेंबर के महिला विंग ने किया नारी शक्तियों का सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज महिला चेंबर भिलाई एवं एमएसए ई डीएफओ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित फेमिना-2023 में नारी शक्ति व उद्यमी नारियो के लिए एक कार्यशाला का आयोजन सी ए बिल्डिंग सिविक सेंटर में किया गया। नारी शक्ति पर आयोजित इस कार्यक्रम में पद्मश्री उषा बारले,श्रीमती शताब्दी सुबोध पांडेय, मोनिका पांडेय थाना प्रभारी छावनी का सम्मान किया गया।




महिला चेम्बर भिलाई अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला उद्यमियों के लिए जीएसटी एवं जेम पोर्टल पर कार्यशाला की गई। जो महिलाओं के लिये उपयोगी रही। छावनी थाना प्रभारी मोनिका पांडेय द्वारा नारी उत्पीड़न पर बेहद रोचक व ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई।

मोनिका पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी ही है जिसकी वजह से सारा संसार गतिमान है। वो हैं तो मां का आंचल है।नारी वो रानी लक्ष्मी बाई है जो अपने हक के लिए लड़ना जानती है, नारी वो मदर टेरेसा है, जो सहायता करना जानती है। नारी वास्तव में ईश्वर की बनाई गई सबसे अद्भुत रचना है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने चेम्बर में महिलाओं के योगदान की प्रशंसा करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। समाज मे महत्वपूर्ण योगदान हेतु विशिष्ट महिला संगठनों का भी सम्मान किया गया। महिला चेम्बर महासचिव सुमन कनोजे ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न जाति वेशभूषा में महिलाओ ने अनेकता में एकता का परिचय दिया।उन्होंने बताया कि उन महिलाओं का भी सम्मान किया गया जिन्होंने स्वयं तो रोजगार से धन कमाया साथ ही अन्य महिलाओं को भी उन्होंने रोजगार दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महिला चेम्बर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा,कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती गीता वर्मा,वैशाली नगर पार्षद स्मिता दौड़के,एम एस एम ई के डायरेक्टर राजीव नायर ,महिला चेम्वर सलाहकार कश्वी मध्यानी, दुर्ग महिला चेंबर अध्यक्ष पायल जैन ,उद्योग चेंबर अध्यक्ष जे पी गुप्ता ,सुषमा जेठानी पुष्पलता कर, सविता शर्मा रश्मि वर्मा, उर्वशी दास, हरप्रीत बग्गा ,कुलदीप कौर, आर शेखरन, विजयलक्ष्मी साह,आरती जय कुमार, राधिका ,टीना ,माधुरी, दमयंती सोनी आदि उपस्थित रही। मिडिया को जानकारी कार्यालय सचिव सुनील मिश्रा से प्राप्त हुई।

### सूचना शिविर सह फोटो प्रदर्शनी के जरिए दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

# राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्रियों का किया गया नि:शुल्क वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए जिले के विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न गांवों के हाट-बाजार में सूचना शिविर सह छायाचित्र विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी में राज्य सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को आकर्षक चित्र और संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रदर्शित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बिजली बिल हाफ योजना, नरवा-गरूवा एवं घुरवा बाड़ी, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, महिलाओं के लिए दाई दीदी क्लिनिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर, स्वामी



आत्मानंद सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल सहित अन्य शासकीय योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है, ताकि जनसामान्य को शासन की योजनाओं की जानकारी मिल सके एवं वे उनका लाभ उठा सके। सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी के तहत 15 मार्च को बरमकेला विकासखण्ड के ग्राम देवगांव में साप्ताहिक हाट बाजार में पहला सूचना शिविर लगाया गया। इसी क्रम में आज पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-चिखली के हाट-बाजार में सूचना शिविर का आयोजन किया गया। लोगों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा वहां दी जा रही पुस्तकों, पाम्पलेट को पढ़ा और कहा कि यह प्रदर्शनी जनउपयोगी है। इस प्रदर्शनी को देखने आये लोगों में मालती बाई, सुलोचना सिदार, आरती चौहान, जया महंत, शिव कुमार, विनोद केवटा, माथुराम सिदार, राजकुमार निषाद, अशोक प्रधान, तिरूपति महंत, अर्जुन पैकरा, विनय चौहान ने भी शिविर की सराहना की और कहा कि यह प्रदर्शनी लोगों में एक जागरूकता का माध्यम है। छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर में राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका न्याय का चार साल, संबल, हमारे बापू, आपके साथ-आपकी बात, जनमन, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना, हमर माटी-हमर कलेवा-हमर तिहार जैसे योजनाओं से संबंधित प्रचार सामग्री का नि:शुल्क वितरण किया गया।

## संत राजाराम साहेब वर्सी महोत्सव में आर्शीवाद लेने पहुंचे भसीन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** माना शदाणी दरबार मे आयोजित संत राजाराम साहेब वर्सी महोत्सव में आज छ ग चेम्बर ऑफ कॉमर्स की टीम महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में नवम ज्योत संत श्री युधिष्ठिर लाल जी का आशीर्वाद लेने पहुँची। अजय भसीन ने पूज्य साई श्री युधिष्ठिर लाल जी को महोत्सव की बधाइया प्रेषित की।



शदाणी दरबार मे आयोजित महोत्सव पर अजय भसीन ने कहा कि पूज्य साई जी के आशीर्वाद से साई जी के सिखलाई से दरबार मे मानव सेवा माधव सेवा का भाव देखने को मिलता है। अजय भसीन का संत साई युधिष्ठिर लाल जी द्वारा दरबार की ओर से आशीर्वाद दिया व शाल पहनाकर सम्मान किया गया। दरबार मे मुख्य रूप से मनोज बख्त्यानी,राजेश शर्मा मनोज आहूजा,कुलदीप लालवानी,सुनील मिश्रा,दिलीप इसरानी,राहुल खूबचंदानी शमनलाल नथानी व उदय लाल शदाणी उपस्थित थे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना मीडिया प्रभारी शंकर सचदेव ने दी।





















# दुर्ग में बढ़ गया 20 फीसदी क्राइम रेट एसपी पल्लव का निर्देश कम करें आंकड़े

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नए साल की शुरुआती ढाई माह दुर्ग पुलिस के लिए अच्छे नहीं रहे। इन ढाई माह में दुर्ग का क्राइम रेट 20 फीसदी बढ़ गया है। इसमें मारपीट से लेकर चाकूबाजी व चोरी की वारदातें शामिल हैं। गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने सभी थानों के इंचार्ज व राजप्रत्रित अधिकारियों की बैठक ली और बढ़ते क्राइम रेट को कंट्रोल करने का निर्देश दिया है। अगली बैठक से पहले थानों में पेंडिग मामलों में भी 20 फीसदी तक कमी करने का निर्देश दिया है।



पुलिस अफसरों की बैठक को लेकर एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि नए साल में पुलिस की उपलब्धि क्राइम को लेकर बैठक की गई है। नए साल के इन तीन माह में क्राइम रेट में 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। वहीं मर्ग पेंडेंसी में 23 फीसदी तक कमी आई है। थानों की मर्ग पेंडेंसी 2600 से घटकर 2000 तक आ गई है। एसपी पल्लव ने बताया कि नए साल में दुर्ग पुलिस को कुछ बढ़े मामले सुलझाने में सफलता मिली है। दो करोड़ से ज्यादा की चोरी का एक मामला भी पुलिस ने सुलझाया है। अपराध घटित होने के बाद आरोपियों की धरपकड़ में भी दुर्ग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है।

एसपी पल्लव ने बताया कि दुर्ग पुलिस लगातार पब्लिक के साथ समन्वय स्थापित कर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने अपना पर्सनल वाट्सएप नंबर जारी कर पब्लिक से स्टंट बाजों से लेकर सोशल मीडिया में हथियारों के साथ पोस्ट करने वालों की शिकायत की अपील की थी। इसका भी शानदार रिस्पांश मिल रहा है। लोग जागरुक हैं और ऐसे लोगों की फोटो व वीडियो बनाकर वाट्सएप पर भेज रहे हैं। इसके कारण ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने में भी पुलिस को आसानी हो रही है।

### पेंडिग मामलों में लाई जाए कमी

बैठक के दौरान एसपी पल्लव ने सभी थाना प्रभारियों को थानों के पेंडिंग केस कम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि थाना क्षेत्र के आदतन बदमाशों पर निगरानी रखा जाए। सट्टा व महादेव बुक आईडी के सटोरियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रखें। इसके अलावा एसपी पल्लव ने धमधा, पाटन व अंडा जाने वाले मुख्य सड़कों पर ड्रंक एंड ड्राइव केस की जांच का भी निर्देश दिया है। एसपी ने बताया कि चिटफंड के 12 कंपनियों की पतासाजी की जा रही है। इन लोगों ने लगभग 500 करोड़ का ट्रांजेक्शन किया है। जल्द ही पुलिस इनको गिरफ्तार करेगी। एसपी ने यह भी बताया कि जनभागीदारी व नगर निगम के सहयोग से आवश्यकतानुसार सीसी टीवी कैमरे में लगाए जा रहे हैं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनंत कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग वैभव बैंकर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर निखिल राखेचा, उप पुलिस अधीक्षक अपराध प्रभात कुमार झा, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मणिशंकर चंद्रा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धंमधा संजय पुंढीर, उप पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू शिल्पा साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक एजेके विनोद मींज सहित समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# मिनी ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो भाइयों की मौत, बाल कटाने दुकान जा रहे दोनों

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले मे अंबिकापुर -प्रतापपुर मार्ग पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। बाल कटाने के लिए जा रहे दो भाई मिनी ट्रक की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। दोनों भाई कक्षा 9वीं के छात्र थे। घटना सरगुजा के गांधी नगर थाना क्षेत्र का है। हादसे के बाद मौके जमा भीड़ ने चक्काजाम कर दिया। सूचना के बाद मौके पहुंची पुलिस की टीम ने लगभग डेढ़ घंटे में जाम को खत्म किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सकालो के बंगालीपारा निवासी रमन पोर्ते (16) और कमलेश पोर्ते (16) दोनों चचेरे भाई हैं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे दोनों बाइक पर सवार होकर बाल कटवाने के लिए निकले थे। इस दौरान अंबिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर स्कूल के सामने अंबिकापुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलके-1753 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

इस टक्कर से दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान चालक उन्हें रौंदते हुए वहां से भाग निकला। दोनों भाई के सिर कुचल जाने उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना गांधीनगर पुलिस को दी।


## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

( संपत्तिकर विभाग )

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2023/808/526 — भिलाई, दिनांक 15/03/2023

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चौहान हाउसिंग (चौहान ग्रीन वैली), आपोजिट-चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, प्रोपराईटरः- श्री अजय चौहान, स्व. श्री विपत उर्फ दीपेश्वर चौहान, निवासी- राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती श्वेता चिचोलिकर, ध.प. श्री अविनाश डेकाटे, एवं श्री अविनाश डेकाटे ,आ. श्री मधुकर डेकाटे, निवासी- फ्लैट नं-16, ब्लाक नं. D/3, द्वितीयतल "चौहान हाउसिंग" चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी भिलाई.तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01 चौहान हाउसिंग "चौहान ग्रीन वैली" आपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई फ्लैट नं.-16, ब्लाक-"D3",द्वितीयतल 663.27 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | श्रीमती रश्मि मिंज, पति श्री जोसेफ मिंज, निवासी-हाउस नं.-10, बनियन ट्री इन्केलेव खमारडीह, कचना रोड रायपुर, तह. व जिला रायपुर(छ.ग.) | श्री मनीष कुमार, पिता श्री बिन्देश्वर पाण्डेय, निवासी- जे-43, सूर्या अपार्टमेन्ट, मॉडल टाउन जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं.-01, सूर्य विहार फेस -2 अंदर भाग (मेसर्स एनार एस्टेट्स), जुनवानी भिलाई, खसरा नं.-719/92, प्लाट नं.-बी1/12, रकबा-1920 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा,आ. टी.पी.एस. कुशवाहा, निवासी- प्लाट नं. 101, न्यू आनंद नगर, नेहरु नगर, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) से श्री शाहबली, पिता श्री बनवारी निवासी- क्वा. नं.-10बी, सड़क-39, सेक्टर-07 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) से भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर-01 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री योगेश कुमार वर्मा, आ.श्री तेजराम वर्मा, निवासी- प्लाट नं.-197/3, वी. आई.पी. नगर, रिसाली भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका वार्ड नं. 08, आंनदपुरम फेस -02 नियर सूर्या रेसीडेन्सी, कोहका जुनवानी रोड भिलाई, फ्लैट नं.-108 प्रथमतल, 650 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 4 | नियाज अहमद आ. श्री मंजूर अहमद, निवासी- मकान नं.-61/जे, केम्प 01 भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) से श्री मनीष कुमार अग्रवाल, आ. श्री आनंद कुमार अग्रवाल, निवासी- मेन मार्केट, गणेश चौक, वार्ड नं.-36, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती नईमा खातुन ध.प. श्री साबिर अली, निवासी- एल.आई.जी.-1/3004, वार्ड नं. 16, हाउसिंग बोर्ड कालोनी औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरुद वार्ड क्रं.-16 कुरुद वार्ड, (कैलाश नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं. 1637/78, रकबा-800 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | स्व. श्रीमती कमल देशमुख, पति बी.बी. देशमुख, निवासी-दीक्षित कालोनी कोसा नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री उल्लास देशमुख, आ. श्री प्रकाश देशमुख एवं विश्वास देशमुख, आ. श्री प्रकाश देशमुख, निवासी-दीक्षित कालोनी कोसा नगर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | वसीयतनामा | वार्ड क्रं.-02 दीक्षित कालोनी कोसा नगर भिलाई, खसरा नं. 24/11, रकबा-2700 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 6 | श्री सतनाम सिंग, आ. श्री जसबीर सिंह मक्कड, निवासी- मकान नं.-243, सड़क नं. 03, वार्ड नं. -11, शांति नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री सत्य नारायण चन्द्रा, आ. श्री ईश्वरी प्रसाद चन्द्रा, निवासी- ब्लॉक नं. -सी/2,फ्लैट नं.-02, प्रथमतल चौहान टाउन भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं.-01 ( आनंद नगर गृह निर्माण सहकारी समिति जुनवानी अंदर भाग), जुनवानी भिलाई, खसरा नं. -306/62, मकान नं.- 52 रकबा-800 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | श्री जगदीश चौधरी आ. श्री बाबुलाल चौधरी, निवासी- मकान नं.- 1206, सड़क नं.-24, शांति नगर सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्रीमती बरखा खंडेलवाल, ध.प. श्री परेश ए. खंडेलवाल, 2. श्री परेश ए. खंडेलवाल, आ. श्री अशोक कुमार खंडेलवाल, दोनो निवासी- कान्हा मेडिकल स्टोर्स, शॉप नं.-बी/22, जुनवानी रोड स्मृति नगर, जय हिन्द चौक, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं.-01 आनंद नगर आनंद नगर गृह निर्माण सहकारी समिति जुनवानी अंदर भाग), जुनवानी भिलाई, खसरा नं.-306/67, प्लाट नं.- एफ एवं जी का भाग, रकबा-1000 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 8 | श्रीमती एम. लक्ष्मी स्वामी, ध.प. श्री एम. मोहन स्वामी, निवासी- क्वा नं.-2बी,स्ट्रीट नं.-10, सेक्टर-05 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार मूतयाला मोहन, आ. स्व. मूतयाला कुरमन्ना स्वामी, निवासी- निवासी- क्वा नं.-2बी,स्ट्रीट नं.-10, सेक्टर-05 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती ज्योत्सना आजम, ध.प. इसमी आजम, निवासी- मकान नं.- 177, शहीद विर नारायण सिंह नगर, वार्ड नं. 28, खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, शांति नगर कोहका वार्ड , वार्ड नं. 10 (शांति नगर अंदर कालोनी अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं.- 6930/7, रकबा- कुल रकबा 0.0660 हे. में सें 1000 वर्गफीट = 92.93 वर्गमीटर रिक्त भूमि । |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )
नगर पालिक निगम
भिलाई


सरकारी राशन की दुकान में चोरी

# 102 बोरी चावल, 8 बोरी शक्कर व 25 बोरी चना ले भागे चोर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक सप्ताह पहले सरकारी राशन की दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से पुलिस चोरी गया 100 फीसदी माल बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ पत्थलगांव पुलिस द्वारा धारा 457, 380, 34 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पत्थलगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कछार निवासी पीडीएस दुकान संचालक खेमासागर यादव ने 8 मार्च को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि 7 मार्च को वह रोज की तरह राशन वितरण करने के बाद 3 बजे दुकान में ताला लगाकर चला गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान आकर देखा तो शटर में लगा ताला टूटा हुआ था। दुकान के बाहर चावल बिखरा हुआ था एवं अंदर जाकर मिलान कर देखने पर दुकान में रखा 102 बोरी चावल, 08 बोरी शक्कर तथा 25 बोरी चना गायब था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।

इस बीच पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कुछ लोग पीडीएस दुकान का चावल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चंद्रभान यादव, प्रफुल्ल एक्का, लक्ष्मीनारायण यादव एवं कैलाश अग्रवाल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर इन लोगों ने पीडीएस दुकान में चोरी करने की बात मान ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया हुआ सामान शतप्रतिशत यानी 102 बोरी चावल, 8 बोरी शक्कर तथा 25 बोरी चना कीमती 77500 रुपए बरामद किया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, एएसआई संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक परमजीत सिंह, आरक्षक कमलेश्वर वर्मा, पवन पैंकरा, प्रमोद जोल्हे, अनीश एक्का, सुभाष नायक, भवानी लाल कहरा की सक्रिय भूमिका रही।

# खड़ी कार के पहिए चुरा ले गए चोर, रात में घर के बाहर किया था पार्क सुबह देखा तो पहिए गायब

**भिलाई।** शहर की आउटर कॉलोनियों में इन दिनों चोरों का आतंक है। जामुल थाना अंतर्गत ढांचा भवन कुरूद से लगी एक कॉलोनी चोरी का अनोखा मामला सामने आया है। चोरों ने घर के बाहर खड़ी कार के पहिए गायब कर दिए और कार को वहीं छोड़ दिया। रात में घर के बाहर कार खड़ी करने के बाद जब सुबह कार मालिक ने देखा तो सभी चारों पहिए गायब मिले। इस मामले में पीड़ित ने जामुल थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



जामुल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ढांचा भवन कुरुद तालाब के पास स्थित अक्षरधाम कालोनी में खड़ी कार के पहिए चोरी हो गए। यहां रहने वाले भरत सिन्हा ने रात को अपनी कार सीजी CG 07 CH 6675 को अपने घर के बाजू में पार्क किया था। वे रोज अपनी कार ऐसे ही पार्क करते हैं। सुबह देखा तो कार के चारो पहिए गायब मिले। चोरों ने बड़ी ही सफाई से कार के पहिए पार कर दिए। चोर ने पहले तो जैक से कार को उठाया और पहिए खोल लिए और उसके बाद कार को पत्थर के सहारे टिका कर जैक भी ले गए। पहियो व जैक की कुल कीमत एक लाख से भी ज्यादा की है। शिकायत के बाद जामुल पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा
शीतला मंदिर के पास सिंघौरी, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)
E-mail Id- eeres.bemetara@gmail.com
Phone No. 07824222332

क्र./309/का.अभि/वलेलि/ग्रा.यां.सेवा/2022-23
बेमेतरा, दिनांक 13/03/2023

**संक्षिप्त मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 11**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बेमेतरा में विभिन्न योजनाओं के तहत् लघु कार्य / जीर्णोद्धार कार्य भाग - 01 से भाग - 12 एवं उपसंभाग साजा के लिए भाग - 01 से भाग - 11 तक, उपसंभाग बेरला के लिए भाग - 01 से भाग - 09 तक एवं उपसंभाग नवागढ़ के लिए भाग - 01 से भाग - 13 तक अनुमानित लागत प्रत्येक भाग 20.00 लाख रूपये का जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त निविदा की समस्त शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है तथा विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 14.03.2023 से देखी / डाउनलोड की जा सकती है एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.03.2023 तथा निविदायें दिनांक 01.04.2023 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जावेगी।

(दीपक कुमार मिश्रा)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बेमेतरा
जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

जी-99337/5

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 126870/निविदा सूचना क्र. 71/वलेलि/2022-23,
दुर्ग दिनांक 14.03.2023

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 05.04.2023 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग के मरोदा जलाशय क्रमांक 02 में भरदा कोनारी एनीकट से जल आपूर्ति कार्य अंतर्गत भरदा कोनारी एनीकट की सुदृढ़ीकरण एवं ऊंचाई बढ़ाने का कार्य (डिपाजिट मद के अंतर्गत)

अनुमानित लागत- रु. 692.30 लाख
(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.03.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है.

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है.

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

जी-99319/7

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1572/NIT-22/2022-2023/ व ले लि — दिनांक : 14/03/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 28/03/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 05/04/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 06/04/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम / No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0160 | 2022-23 लो नि वि संभाग बालोद के अंतर्गत व्ही आई पी कार्यक्रम के लिए टेंट पंडाल/मंच आदि की व्यवस्था हेतु 14323 प्रथम आमंत्रण | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**नियम व शर्तें** :- 1) पंजीयन की छायाप्रति 2 ) पेन कार्ड की छायाप्रति 3 ) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति 4 ) निविदाकारों की श्रेणी 'द' से 'अ' निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 एवं कार्य की अवधि '02 माह' होगी। 5 ) किसी भी प्रकार के टैक्स का भुगतान नही किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. बालोद संभाग बालोद

जी-99305/3

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# जी20 देशों के बीच व्यापक आर्थिक नीति सहयोग पर व्याख्यान का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई(पीआईबी)। भारत ने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य विषय के साथ जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की। आईआईटी भिलाई जी20 के दायरे के तहत मुद्दों पर एक नया दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए एक अभिनव आउटरीच कार्यक्रम के साथ भारत की जी20 प्रेसीडेंसी का अवलोकन कर रहा है।



यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम से प्रेरणा लेता है, जिसका उद्देश्य देश के युवाओं को जी20 सदस्य देशो के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने के लिए अपने सांस्कृतिक राजदूत के रूप में पेश करना है। आईआईटी भिलाई के लिबरल आर्ट विभाग द्वारा त20 से संबंधित प्रासंगिकता के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक व्याख्यान श्रृंखला की मेजबानी कर रहा है। इस संबंध में बुधवार, 15 मार्च 2023 को मैक्रोइकॉनॉमिक पॉलिसी कोऑपरेशन अमोंग जी20 कन्ट्रीज शीर्षक से व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर प्रद्युम्न दास द्वारा व्याख्यान दिया गया।

अपने व्याख्यान में, प्रो. दास ने बताया कि जी20 राष्ट्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि जी20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिरता के लिए आर्थिक गतिविधियों और केंद्रीय बैंकों के जनादेश का समर्थन करने के लिए मैक्रोइकॉनॉमिक्स नीति सहयोग महत्वपूर्ण है। दूसरे शब्दों में, वैश्विक स्तर पर राजकोषीय और मौद्रिक नीति सहयोग की दक्षता को बढ़ाने में त20 की महत्वपूर्ण भूमिका है।

प्रो. दास ने बताया कि जी20 ने 2008-09 की महान मंदी और कोविड-19 मंदी के दौरान मौद्रिक और राजकोषीय नीति पर सहयोग को सुविधाजनक बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2008-09 में, नीतिगत सहयोग के कारण, जी20 ने में पूर्वानुमान से अधिक परिणाम दिया। इसी तरह, कोविड-19 अवधि के दौरान, जी20विकसित राष्ट्रों ने अपने सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत राजकोषीय समर्थन में प्रदान किया।

हालांकि, तुलनात्मक शांति और स्थिरता की अवधि के दौरान जी20 देशों के बीच सहयोग का स्तर विशेष रूप से उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (ईएमडीई) के संदर्भ में वांछित होने के लिए और अधिक अवसर प्रदान देता है। प्रो. दास ने यह कहते हुए निष्कर्ष निकाला कि कोई भी अर्थव्यवस्था, विकसित या उभरती हुई, एक ही समय में स्वतंत्र मौद्रिक नीति और पूंजी गतिशीलता का पालन नहीं कर सकती है और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता और विकास सुनिश्चित करने के लिए सहयोग एवं समय की आवश्यकता है।

## खास - खबर

### अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता के लिये बीएसपी टीम का चयन 19 को

**भिलाई।** क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधायें विभाग एवं बी.एस.पी. षतरंज क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इस्पात क्लब, सेक्टर 2 में 19 मार्च, 2023 कोषाम 5ण्00 बजे से बी.एस.पी. षतरंज टीम चयन करने के लिये चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। जो खिलाड़ि इंटरनेषनल रेटेड है, या वे जो पूर्व में अंतर इस्पात संयंत्र प्रतियोगिता में भाग ले चुके है एवं जो बी.एस.पी./माइंस के अधिकारी/कर्मचारी एवं टाउनशिप के 25 वर्ष से कम उम्र के युवा बेरोजगार है वे ही इसमें हिस्सा ले सकते हैं। स्पर्धा षाम को 05.00 बजे से होगी। इच्छुक प्रतिभागी 19 मार्च, 2023 को प्रतियोगिता के पूर्व अलंकार भीवगडे (मो.न. 9407981054), मिथिलेश बंजारे (मो.न. 8357815801) एवं एस.के. भगत (मो.न. 7587487910) के पास अपना नाम दर्ज करा सकते है। एन के बंछोर-अध्यक्ष बी.एस.पी चेस क्लब, अलंकार भीवगडे -अन्तर्राष्ट्रीय आर्बीटर, एस.के. भगत- राष्ट्रीय खिलाडी और मिथिलेष बंजारे के द्वारा खिलाडियों का चयन किया जायेगा। सहायक प्रबंधक (क्री. सा. एवं ना. सु.) अभिजीत भौमिक इस चयन स्पर्धा के प्रभारी होंगे।

### टाउनशिप में गिरे हुए पत्तों में आग न लगाने की अपील

**भिलाई।** बीएसपी के उद्यान एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा टाउनशिप निवासियों एवं सर्व सामान्य विशेषकर सेंट्रल एवेन्यू, फोरेस्ट एवेन्यू, गैरेज रोड एवं भिलाई टाउनशिप के मुख्य मार्गों के समीप निवासरत लोगों से आह्वान किया जाता है कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए वृक्षों के नीचे गिरे पत्तों मे आग न लगाये और न ही किसी अन्य को आग लगाने दें। इस्पात नगरी में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए वृक्षों के नीचे गिरे पत्तों मे आग लगने की स्थिति में जागरूकता का परिचय देते हुए भिलाई को पर्यावरण युक्त एवं प्रदुषण मुक्त बनाने में सहयोग करें। भिलाई में अग्नि विस्तार की स्थिति में जन हानि होने के बचाव हेतु या अराजक तत्वों द्वारा वृक्ष के सूखे पत्तों में आगजनी करने की स्थिति मे भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्नि शमन सेवा विभाग के कंट्रोल रूम के नम्बर 07882862222, 9407986666 एवं जन स्वास्थ्य विभाग के 9407982238, 9407983137, 9407984409 मेंतत्काल संपर्क कर सूचित करने करें। उप महाप्रबंधक(उद्यान एवं ज.स्वा.विभाग)डॉ एन के जैन ने आम नागरिकों से अपील करते हुए आग्रह किया है कि आप सभी के प्रयास से बड़ी आपदा आगजनि से बचा जा सकता है।

### संयंत्र द्वारा कोटेश्वर चूना पत्थर खदान क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत सेल भिलाई इस्पात संयंत्र ने मध्यप्रदेष के कटनी के पास कोटेष्वर चूना पत्थर खदान क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बिगत दिनों किया है। इस षिविर का लाभ खन्ना बंजारी रेलवे साईड के किनारे के क्षेत्र, करौंदी, चिन्दियां, बंजारी और कुआं के कुल 79 लोगों ने इसका लाभ लिया। यह शिविर कोटेश्वर डिस्पेसरी में आयोजित किया गया। सेल भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी सी एस आर योजना के तहत अपने परिधीय क्षेत्रों के गांवों के साथ अपनी खदान क्षेत्र और उसके आसपास के गांवों नि:षुल्क स्वास्थ्य शिविर, नियमित आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर और दिव्यांगों के जिये विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता आ रहा है। इसी कडी में सेल भिलाई इस्पात संयंत्र की कटनी के पास कोटेष्वर चूना पत्थर खदान क्षेत्र में इस शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9.00 बजे से संध्या 5.00 बजे तक आयोजित इस षिविर में अनेक लोगों ने भाग लिया और अपनी सामान्य जांच करवाई। इसमें ही 79 लोगों को जांच के बाद चिकित्सा के लिये चिन्हाकिंत किया गया और उनका उपचार किया गया।

# उद्यमी और व्यापारियों के सहयोग से आधुनिक तरीके से होगा वृक्षारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में महापौर नीरज पाल एवं निगमायुक्त रोहित व्यास तथा शहर के उद्योगपति, व्यापारी संघ और कॉलोनाइजर्स के मध्य सार्थक बैठक हुई। मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत शहर के उद्यमी, व्यापारी तथा कॉलोनाइजर्स भी अपना फर्ज निभाएंगे। इसके तहत आधुनिक तरीके से वृक्षारोपण किया जाएगा, इसके अलावा चौक-चौराहों का चयन कर इसके सौंदर्यीकरण को लेकर भी प्रस्ताव इन सभी के द्वारा दिया जाएगा।



महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि भिलाई शहर के लिए मोर शहर मोर जिम्मेदारी के तहत आगे आए और इसके विकास में भागीदार बने। औद्योगिक क्षेत्रों में सीएसआर मद तथा अन्य सहयोग से कई सारे अच्छे कार्य किए जा सकते हैं।

प्रमुख रूप से शहर के सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, उद्यानों के रखरखाव एवं संधारण पर सुझाव भी लिए गए। वृक्षारोपण में अपने साथ ही इस मुहिम में लोगों को भी जोड़ने कहा गया। निगमायुक्त ने बताया कि आजकल आधुनिक तरीके से वृक्षारोपण की नई तरकीब से कार्य किया जा रहा है जिसके तहत रक्षक प्लांटेशन बेहद कारगर है, इसके तहत वृक्षों की सुरक्षा एवं कम स्थानों को देखते हुए और पानी की आवश्यकता को देखते हुए पाइप सिस्टम से वृक्षारोपण की तकनीक उपयोगी साबित होगी। इस पर सभी ने अपनी सहमति जताते हुए इस तकनीक को अपनाकर कार्य करने की बात कही है।

बैठक में उद्योग क्षेत्रों में श्रम कार्ड बनाने तथा आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा मार्केट क्षेत्रों में शौचालय, स्ट्रीट लाइट तथा सीसीटीवी कैमरा की जहां आवश्यकता होगी इसके लिए सूची मांगी गई है। नियमितीकरण कराने को लेकर भी विस्तार से बैठक में जानकारी दी गई जो भी संदेह थे उसका बैठक में निराकरण किया गया। आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जिला एवं व्यापार केंद्र के अधिकारी, बीएसपी के अधिकारी, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा, औद्योगिक क्षेत्र से आए हुए उद्योग संचालक, विभिन्न क्षेत्रों के व्यापारी संघ के पदाधिकारी तथा कॉलोनाइजर्स आदि मौजूद रहे।

## फाइट द बाईट मुहिमः डेंगू मलेरिया, पीलिया जैसी बीमारी से बचने निगम अलर्ट, मच्छर उन्मूलन के लिए अभियान तेज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने डेंगू, मलेरिया, पीलिया जैसे बीमारियों से बचाव के लिए निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम को गंभीरता से कार्य करने निर्देश दिए है।

इस कड़ी में वार्ड नंबर 8 तकिया पारा और वार्ड नंबर 39 बैजनाथ पारा मे आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। वार्डो में चल रहे सफाई अभियान के दौरान सुबह आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्डो का फीडबैक लेते हुए मौके पर निरीक्षण कर सफाई कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए, निरीकण के मौके पर पार्षद व एनआईसी सदस्य अब्दुल गनी मौजूद रहें।सफाई अभियान के साथ साथ निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर घर जाकर क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया,इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल की सफाई खाली प्लॉट की सफाई कराई गई।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों को कड़े निर्देश वार्ड के नालियों



की तले से सफाई एवं नाला-नाली के पास झाडियों की कटाई,सफाई उपरांत परिवहन कचरे का झिल्ली, पन्नी बिनने का कार्य तालाब के चारो तरफ सफाई, झाडी कटाई एवं मच्छर उन्मूलन हेतु दवाई छिडकाव कार्य और मुक्कड़ की सफाई,सी एण्ड डी मलबे की सफाई बैनर पोस्टर हटाने का कार्य इसके साथ ही दिवारों पर चस्पा विज्ञापनो को हटाने का कार्य और गंदगी फैलाने वालों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाए।निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर को स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मूल रूप से डेंगू मच्छरों के लार्वा को नष्ट करना आवश्यक है मच्छर के रूप में तब्दील न हो पाए इसलिए जलजमाव वाले स्थानों में मलेरिया ऑयल व मोबी ऑयल का उपयोग किया जा रहा है।

## मोर मकान - मोर चिन्हारीः बेघरों को मिला घर, 32 हितग्राहियों ने खुद निकाली अपने मकान की पर्ची

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी और मोर मकान मोर आस के तहत आवास आवंटन के लिए डाटा सेंटर में विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा के अनुरूप आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सीईओ अश्वनी देवांगन ने लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी एवं अधिकारियों सहित हितग्राहियो के बीच लाटरी निकाली।

जिंसमे मोर मकान मोर चिन्हारी से 03,तथा 2 मां गैलेक्सी, बोरसी 1 फॉर्च्यून हाइट के अलावा मोर मकान मोर आस में 35 शामिल है।कुल 38 परिवारों को अपना खुद का आशियाना आबंटन किया गया जिसमें गणपति विहार बोरसी से 12 के अलावा फॉर्च्यून हाइट से 11,सरस्वती नगर 07 और गोकुल नगर 05 आबंटन किया गया। बता दे कि किरायेदारी में निवासरत पात्र हितग्राहियो



को लॉटरी के माध्यम से मिलेगा आवास।प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक मोर मकान - मोर चिन्हारी तथा मोर मकान मोर आस किरायेदार श्रेणी वाले कुल 32 हितग्राहियों को लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटन किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता एसडी शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी जितेंद्र समैया, श्रीमती आशमा डहरिया, प्रीतेश वर्मा, दीपक संचेती,आशुतोष सिंह,रेखा कुर्रे, गनेशी यादव एव अन्य मौजूद थे।

# श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा एक मुट्ठी दान-श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । श्रीराम जन्मोत्सव समिति, भिलाई द्वारा इस वर्ष श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने पूर्व एवं पश्चिम प्रखण्ड में क्रमशः सेक्टर -1 एवं सेक्टर 06 में घर-घर पहुंचकर लोगों से प्रभु के नाम दान करने अपील की।

इस दौरान लोगों ने बहुत ही हर्ष के साथ प्रभु के नाम पर अन्न दान किया। समिति द्वारा सभी दानदाताओं को भगवा ध्वज एवं आमंत्रण पत्र भेंट कर श्रीरामनवमी



के शुभ अवसर पर आयोजनस्थल पहुंच भोग प्रसाद ग्रहण करने आमंत्रित किया गया।

समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बताया कि समिति द्वारा विगत 37 वर्षों से श्रीरामनवमी का यह उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्य रूप से मनाया जाता है।

38वें वर्ष में यह आयोजन हम सभी के लिए बहुत खास है क्योंकि हमारा गौरव श्रीरामलला मंदिर का निर्माण अपनी पूर्णतः की ओर है और वर्ष 2024 में यह बनकर तैयार हो जायेगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि प्रतिवर्ष श्रीरामनवमी के अवसर पर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में समिति द्वारा इस वर्ष एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत इस्पात नगरी के प्रत्येक घर से एक मुट्ठी अन्न दान संग्रहित कर भंडारे में उपयोग किया जायेगा। इस भव्य उत्सव में प्रत्येक भिलाईवासी एवं समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि 16 से 24 मार्च तक समिति के सदस्य विभिन्न प्रखण्डों में घर-घर पहुंचकर लोगों से एक मुट्ठी अनाज दान के रूप में स्वीकार करेंगे।

### अनाधिकृत विकास व निर्माण का नोटिस प्राप्त होने के बाद भी नहीं कराया नियमितीकरण

# निगम के नोटिस को किया अनदेखा, शहर के रिहायशी इलाके में कई दुकानें हुई सील

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत विकास व निर्माण को लेकर सर्वे किया जा रहा है और इन्हें नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। नोटिस मिलने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर भिलाई निगम कड़ी कार्रवाई कर रही है। आज शहर के रिहायशी इलाके नेहरू नगर में निगम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। निगम के नोटिस को अनदेखा करना दुकान संचालकों को भारी पड़ गया।



दरअसल अनाधिकृत विकास व निर्माण के नियमितीकरण कराने को लेकर निगम ने नोटिस जारी किया था। इसकी मियाद समाप्त होने के बाद टीम कार्यवाही के लिए नेहरू नगर चौक पहुंची और अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आने वाले दुकानों को लाइन से सील बंद करने की कार्रवाई की। एक सिरे से टीम ने 8 दुकानों को सील कर दिया। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण कराने के लिए सर्वे करने, शिविर लगाने तथा नोटिस जारी कर नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर आज की कार्रवाई में जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी साहू आदि अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। तहसीलदार प्रेरणा सिंह व पुलिस बल भी मौके पर मौजूद थे। गौरतलब है कि भिलाई निगम के द्वारा बारंबार लोगों से अनाधिकृत विकास व निर्माण के तहत भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यवसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण का नियमितीकरण कराने की अपील की जा रही है, इसके लिए शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं, नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस भी दिया जा रहा है। बावजूद इसके नोटिस को अनदेखा करने और गंभीरता से नहीं लेने वाले भवन, संस्थान, दुकान आदि को सील बंद करने की कार्रवाई की जा रही है।

नियमितीकरण कराने की अधिक जानकारी के लिए भवन अनुज्ञा विभाग के उप अभियंता शहबाज अहमद के मोबाइल नंबर 9399414300 पर संपर्क किया जा सकता है तथा मुख्य कार्यालय में नियमितीकरण के लिए वास्तुविद के माध्यम से आवेदन जमा किए जा सकते हैं।


### हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी निर्माण में विलंब का अरूण वोरा ने विस् में उठाया मुद्दा

## समय सीमा समाप्ति के दो वर्ष बाद भी नहीं मिला विश्वविद्यालय को स्वयं का भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष विधानसभा सत्र में लगातार सक्रियता से जनहित के मुद्दों के लिए मुखर हैं। अपनी उपस्थिति एवं लोकहित के मुद्दों को मुखरता से उठाने के लिए दो बार उत्कृष्ट विधायक चुने गए वोरा ने बजट सत्र के दौरान स्व हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के निर्माण में हो रहे अत्यधिक विलंब का मुद्दा उठाते हुए उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल से सवाल जवाब किया।

प्रश्न काल के दौरान वोरा ने छात्र हित में यूनिवर्सिटी के प्रसाशनिक भवन निर्माण से संबंधित सवाल उठाते हुए कार्यादेश की समय सीमा के दो वर्ष बाद भी अब तक निर्माण पूर्ण नहीं हो पाने का कारण पूछा। अपने जवाब में मंत्री उमेश पटेल ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए



40 एकड़ भूमि आबंटित की गई है जिसके 1.01 एकड़ में निर्माण कार्य प्रगति रत है जिसकी पूर्णता हेतु मार्च 2021 की तिथि निर्धारित की गई थी किन्तु 80 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हो सका है। वोरा ने पुनः प्रश्न करते हुए 11.92 करोड़ के कार्य मे विलंब के पीछे राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा मिशन एवं लोकनिर्माण विभाग व ठेकेदार के बीच विवाद की स्थिति से संबंधित सवाल किया जिसपर मंत्री पटेल ने कहा कि शीघ्र ही हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग को लोकार्पित किया जाएगा। फंड की कमी एवं विवाद जैसी परिस्थिति नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950